
MPHIN/2021/83938



दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 366 | ग्वालियर, 7 नवम्बर मंगलवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

प्रियंका गांधी का केंद्र पर हमला

# जीएसटी और नोटबंदी से छोटे व्यापारियों पर संकट



जीएसटी ने छोटे व्यापारियों सहित सभी को परेशान किया है, जिसके कारण महंगाई बढ़ी है.उन्होंने दावा किया, जीएसटी हर चीज पर लागू है जिसके कारण छोटे व्यापारियों को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है. इसके कारण भारी महंगाई और बेरोजगारी हुई है. लोगों को हर चीज पर जीएसटी देना पड़ता है, यहां तक कि त्योहारों के दौरान छोटी-छोटी चीजों पर भी.''केंद्र पर हमला करते हुए, प्रियंका ने आरोप लगाया कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को मुफ्त में उद्योगपतियों को दिया जा रहा है, चाहे वह भेल, रेलवे, हवाई अड्डे, बंदरगाह आदि ही क्यों न हों, इस कार्रवाई से देश में बेरोजगारी पैदा हो रही है.

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को आरोप लगाया कि जीएसटी और नोटबंदी ने छोटे व्यापारियों तथा अन्य नागरिकों को गंभीर रूप से परेशान किया है, इसके साथ ही आगामी विधानसभा चुनावों के लिये होने वाले मतदान से पहले लोगों से उनकी पार्टी के वादों और उनके कार्यान्वयन के बारे में जागरूकता का स्तर बढ़ाने का आग्रह किया. मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल धार जिले के कुक्षी शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका ने उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी इकाइयों (पीएसयू) के निजीकरण समेत सरकार की आर्थिक नीतियों के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की आलोचना की.उन्होंने कहा, ''(केंद्र) सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों को बंद कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप भयंकर बेरोजगारी हुई है. इसके बाद उन्होंने नोटबंदी लागू किया और फिर जीएसटी थोप दिया. जीएसटी ने छोटे व्यापारियों सहित सभी को परेशान किया है, जिसके कारण महंगाई बढ़ी है.उन्होंने दावा किया, %जीएसटी हर चीज पर लागू है जिसके कारण छोटे व्यापारियों को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है. इसके कारण भारी महंगाई और बेरोजगारी हुई है. लोगों को हर चीज पर जीएसटी देना पड़ता है, यहां तक कि त्योहारों के दौरान छोटी-छोटी चीजों पर भी.''केंद्र पर हमला करते हुए, प्रियंका ने आरोप लगाया कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को मुफ्त में उद्योगपतियों को दिया जा रहा है, चाहे वह भेल, रेलवे, हवाई अड्डे, बंदरगाह आदि ही क्यों न हों, इस कार्रवाई से देश में बेरोजगारी पैदा हो रही है.प्याज की बढ़ती कीमतों की ओर इशारा करते हुए, कांग्रेस नेता ने भीड़ से कहा कि एक समय प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी मजाक उड़ाते थे कि (बल्लेबाजी के दिग्गज) सचिन (तेंदुलकर) पहले शतक बनाएंगे या प्याज (100 रुपये प्रति किलोग्राम का). उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा, ''अब विराट (कोहली जिन्होंने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप मैच में शतक बनाया था) और प्याज दोनों ने शतक बनाए हैं. अब आपको क्या कहना है.

प्रियंका ने सवाल किया कि सरकार ने आगामी विधानसभा चुनावों के कारण एलपीजी सिलेंडर की कीमतें कम की हैं लेकिन पिछले कई सालों से सत्ता में रहने के बावजूद उन्होंने पहले ऐसा नहीं किया. उन्होंने पूछा, शिवराज सिंह चौहान सरकार ने अपने लंबे शासन के दौरान 22,000 से अधिक घोषणाएं की, लेकिन क्या उन्होंने उनमें से 22 को भी पूरा किया है.'कांग्रेस महासचिव ने लोगों से मतदान से पहले जागरूकता का स्तर बढ़ाने और स्वयं यह देखने को कहा कि क्या अन्य राज्यों में कांग्रेस सरकारों ने महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह, 500 रुपये में सिलेंडर और पुरानी पेंशन योजना को फिर से शुरू करने जैसी चुनावी गारंटी लागू की है.उन्होंने भीड़ से इन वादों के बारे में आश्वस्त होने के बाद आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को वोट देने के लिए कहा. मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को मतदान होगा

## एक योजना पर भिड़े तीन-तीन राज्यों के मुख्यमंत्री, क्या है इस तू-तू, मैं-मैं का मध्य प्रदेश कनेक्शन

बुजुर्गों की तीर्थ दर्शन योजना को लेकर तीन राज्यों के मुख्यमंत्री आपस में भिड़ गए हैं. हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बीच सोशल मीडिया पर तू-तू, मैं-मैं हो रही है. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर झूठ बोलने का आरोप भी लगाया है.दरअसल पूरे मामले की शुरुआत तब हुई, जब हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने एक वीडियो ट्वीट के माध्यम से बताया कि हरियाणा सरकार 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए तीर्थ दर्शन योजना शुरू कर रही है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा,÷अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, मथुरा, अमृतसर, पटना साहिब आदि तीर्थ स्थानों के लिए प्रदेश सरकार रेलवे यात्रा मुफ्त करवाएगी. इसके लिए हमने 60 साल से ऊपर की उम्र के लोगों के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना बनाई है, निश्चित रूप से आपको इस योजना का लाभ उठाना चाहिए.÷



**खट्टर को केजरीवाल ने दिया जवाब**-इसके बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की तीर्थ दर्शन योजना पर तंज करने के लिए दिल्ली के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी सोशल मीडिया पर एक्टिव हो गए. उन्होंने दावा किया कि पहली बार दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने यह योजना चलाई थी. अरविंद केजरीवाल ने ङ्ग पर मनोहर लाल खट्टर को जवाब देते हुए लिखा, ÷मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना÷ पूरे देश में अभी तक केवल दिल्ली में चल रही थी. पहली बार दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने चलाई. इस योजना के तहत हम दिल्ली के 75,000 से ज्यादा बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवा चुके हैं.

## दिल्ली में दोस्ती एमपी में कुश्ती, यहां सपा भी है और आप, भारत पर शिवराज का वार

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चुनावी समर में अब तक मुख्य विरोधी दल कांग्रेस और उसके नेताओं पर ही हमलावर थे. अब मुख्यमंत्री के हमलों की दिशा विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की ओर ही मुड़ गई है. दरअसल राष्ट्रीय पटल पर इंडिया गठबंधन की डोर से बंधे कई राजनीतिक दल मध्य प्रदेश और राजस्थान के चुनाव में अलग-अलग उतरकर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी और जनता दल यूनाइटेड, यूं तो राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस के सहयोगी दल हैं, लेकिन मध्य प्रदेश के चुनावों में इन दलों ने अपने उम्मीदवारों को भी उतार दिया है. कई सीटों पर ये उम्मीदवार कांग्रेस के प्रत्याशियों के खिलाफ उतारे गए हैं और जो कहीं न कहीं उन्हें ही नुकसान पहुंचाने वाले हैं.

**दिल्ली में इनकी दोस्ती...** राज्यों में कुश्ती ऐसे में अब शिवराज सिंह चौहान ने इनको आड़े हाथों लिया है. साथ ही साथ शिवराज ने विरोध की इस आंच को हवा देते हुए तेज करने की कोशिश की है, जिसकी लपटें



इंडिया गठबंधन को भी नुकसान पहुंचा सकती हैं. शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि समाजवादी पार्टी भी है, आम आदमी पार्टी भी है... दिल्ली में इनकी दोस्ती है और राज्यों में इनके बीच कुश्ती चल रही है. मुख्यमंत्री शिवराज ने हमला जारी रखते हुए कहा कि अखिलेश यादव ने कहा है कि वो कांग्रेस पर भरोसा नहीं कर सकते हैं. इस बयान का जिक्र करते हुए शिवराज ने कहा कि इंडिया गठबंधन वाले ही एक दूसरे से लड़ रहे हैं.

**पांच राज्यों का चुनाव और गठबंधन की परीक्षा**-दरअसल पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के पहले तमाम विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के विजयी रथ को रोकने के लिए इंडिया गठबंधन तले एक होने लगे थे. इन दलों का मुख्य उद्देश्य तो लोकसभा चुनाव ही था, लेकिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का मुश्किल समय ही लोकसभा में टिके रहने की इसकी संभावनाओं का असली परीक्षण माना जा रहा था. हालांकि गठबंधन में शामिल दलों ने पांच इस मुश्किल समय से निपटने का फॉर्मूला अपनाते हुए नीति अपनाई कि लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय पटल पर ये दल गठबंधन नियम का पालन करेंगे और राज्यों में राज्य का नेतृत्व ही गठबंधन में आने या न आने पर फैसला लेगा. इस फैसले के पीछे मध्य प्रदेश का चुनाव प्रमुख था

## तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अजहरुद्दीन की बढ़ी मुश्किलें



**नई दिल्ली।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव में सियासत के कई रूप देखने को मिल रहे हैं. यहां चुनाव से कुछ हफ्ते पहले जुबली हिल्स निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन के खिलाफ चार मामले दर्ज किए गए हैं. इन मामलों के दर्ज होने के बाद कांग्रेस और अजहरुद्दीन की चिंताएं बढ़ गई हैं. बता दें कि तेलंगाना में 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होनी है. अजहरुद्दीन पर हैदराबाद क्रिकेट असोसिएशन (एचसीए) के अध्यक्ष रहने के दौरान धन के दुरुपयोग का आरोप है. रचाकोंडा पुलिस ने अजहरुद्दीन सहित एचसीए के पदाधिकारियों और पिछले सदस्यों के खिलाफ चार मामले दर्ज किए हैं.

## राजस्थान में बीजेपी को सता रहा बागी उम्मीदवारों का डर



**नई दिल्ली।** बीजेपी ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रत्याशियों की आखिरी लिस्ट भी जारी कर दी है. सभी उम्मीदवारों की घोषणा के बाद अब पार्टी को बागी उम्मीदवारों का डर सता रहा है. दरअसल, राज्य की धुरंधर नेता और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के खासमखास रहे कई बड़े कद वाले नेता इस समय बागी उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में है. इस स्थिति में बीजेपी को कांग्रेस से ज्यादा अपने ही बागी उम्मीदवारों से डर है. जो चुनावी सफर में बीजेपी के सियासी अंकगणित को बिगाड़ सकते हैं. राजस्थान में सोमवार (6 नवंबर) को नामांकन का अंतिम दिन था. वहीं, कई सीटों पर बीजेपी के कई दिग्गज निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल कर चुके हैं. इससे बीजेपी के लिए थोड़ी समस्या बढ़ गई है. कोटा से भवानी सिंह राजावत, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल, पूर्व मंत्री यूनुस खान, पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत समेत कई बड़े दिग्गजों ने टिकट कटने पर पार्टी के निर्णय के खिलाफ जाकर अपना नामांकन भर दिया है. माना जा रहा है कि ये वह चेहरे हैं, जो भले ही चुनाव जीत न पाए, लेकिन समाज में अपना कद रखने की वजह से बीजेपी उम्मीदवार के लिए मुसीबत पैदा कर सकते हैं.

## जब बच्चे को गोद मे लेकर खिलाने लगे पीएम मोदी, वायरल वीडियो

मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में चुनावी मंच पर विपक्षी दलों पर जमकर गरजने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक अलग ही रूप देखने को मिला. यहां एक छोटे बच्चे को खोद में लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने जमकर ला?-प्यार किया. अब पीएम मोदी के इस नन्हे बच्चे को खिलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. पीएम मोदी रविवार (5 नवंबर) को मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे. इस दौरान पीएम मोदी जनसभा के बाद जब वापस लौटने लगे तो एक मां की गोदी में 10 महीने के बच्चे को देखकर उसे दुलारने लगे.वायरल वीडियो में पीएम मोदी एक बच्चे को गोद मे लेकर खिलाते और ला?-प्यार देते हुए नजर आ रहे हैं. बच्चा भी पीएम मोदी के लाड़-प्यार से इस कदर मोहित हो गया कि वह उनकी गोदी में चला गया. मोदी ने भी बच्चे को गोदी में लेकर लाड़ से ऊपर की ओर उछाला. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 माह के बच्चे को अपना आशीर्वाद



भी दिया. इस वायरल वीडियो में पीएम मोदी जिस बच्चे को अपनी गोद मे लेकर खिला रहे हैं, उसका नाम अन्वित राहंगडाले है. यह बच्चा सिवनी के बरघाट की जिला अध्यक्ष आभा राहंगडाले का बेटा बताया जा रहा है. फिलहाल पीएम नरेंद्र मोदी के इस वायरल वीडियो को लेकर तमाम तरह की सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आ रही हैं.वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में परिवारवाद को लेकर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला. सिवनी के बायपास रोड स्थित मैदान पर सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता आज भी दादा-दादी और नाना-नानी के नाम पर वोट मांग रहे हैं. उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि यहां के दो बड़े नेता, अपने बेटों को सेट करने मध्य प्रदेश को अपसेट करने में लगे हैं. यहां तक कि इनके घोषणा पत्र में भी सिर्फ एक ही परिवार दिखता है.पीएम मोदी ने कहा, मध्य प्रदेश में कांग्रेस चुनाव नहीं लड़ रही है. उसको पता है कि जीतना नहीं है. वह केवल चुनाव लड़ने का ढोंग कर रही है, ताकि डोनेशन-वोनेशन इकट्ठा करने का मौका मिल जाए. वे इस बात के लिए मैदान में लड़ाई लड़ रहे हैं कि आगे चलकर किसका बेटा कांग्रेस का मुखिया बनेगा. लड़ाई यही है कि इसका बेटा कांग्रेस पर कब्जा करेगा या उसका बेटा करेगा. उन्होंने सवालिया लहजे में तंज किया कि जिनको अपने-अपने बेटों की चिंता है, वो कभी आपके बेटे-बेटी के लिए सोचेंगे क्या.

## भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव लड़ता है-नागेन्द्र सिंह

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**तहसील रिपोर्टर ,,नागौद जिला सतना मध्य प्रदेश**
**रिपोर्टर का नाम ,,प्रशांत उपाध्याय**

नागौद-नागौद विधानसभा के भाजपा प्रत्यासी नागेन्द्र सिंह की छवि एक प्रबुद्ध ईमानदार नेता के रूप में है,सकारात्मक विचारधारा के साथ विकासवादी सोच रखनेवाले नागेन्द्र सिंह को नागौद क्षेत्र में विकासपुरुष की संज्ञा से नवाजा जाता है।नागेन्द्र सिंह के साथ साक्षात्कार होने पर उन्होंने बताया कि मैं अकेले चुनाव नही लड़ रहा हूँ भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव लड़ रहा है,भाजपा का एक एक कार्यकर्ता संगठन के साथ समन्वय स्थापित कर पूरी ताकत के साथ चुनाव में ईमानदारी से कार्य करता है इसीलिए हम चुनाव जीत पाते है। मैंने अपनी पार्टी के सिद्धांतों की राह पर चलकर हमेशा काम किया है ,अपने क्षेत्र का सर्वंगींण विकास करना हमेशा से मेरी प्राथमिकता रहा है,जब मुझे पार्टी ने जैसा आदेश दिया मैंने उसका पालन किया है, मैंने टिकिट के लिए कभी जोर आजमाइश नही की जब पार्टी ने मुझे टिकिट दी तभी चुनाव लड़ा, 2013 में पार्टी ने



मुझे विधानसभा की टिकिट नही दी तो मैंने कोई नाराजगी ब्यक्त नही की बल्कि पार्टी का निर्णय शिरोधार्य किया कुछ महीने बाद मुझे भाजपा द्वारा खजुराहो लोकसभा का प्रत्यासी बना दिया मैं वहाँ से चुनाव लड़ा तो खजुराहो लोकसभा के कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत मैं ढाई लाख वोट से जीता, मैंने अपने जीवन मे 8 चुनाव लड़े है 7 चुनाव जीता हूँ केवल एक बार ही पराजित हुआ मेरी जीत का श्रेय मैंने अपनी पार्टी के मेहनतकश कार्यकर्त्ताओ को ही देता हूँ।नागेन्द्र सिंह ने बताया कि मैंने अपने लम्बे राजनैतिक जीवन मे एक पैसा भी हराम का नही खाया,मुझे जो वेतन मिलती है वही मेरे लिए पर्याप्त है।नागेन्द्र सिंह को लंबा राजनैतिक अनुभव है, सरल स्वभाव और उच्च शिक्षा होने के कारण आपकी छवि प्रबुद्ध नेता की है,नागौद क्षेत्र में विकास की बयार का श्रेय नागेन्द्र सिंह जैसे प्रबुद्ध नेता को ही जाता है,नागौद क्षेत्र में जितने विकास कार्य हुए है वह नागेन्द्र सिंह ने किए है इस बात को क्षेत्र की जनता नकार नही पा रही है।नागौद क्षेत्र की प्रबुद्ध जनता इस चुनाव में सकारात्मक विचारधारा के साथ विकास कार्यो को महत्व देने वाले सरल मृदुभाषी प्रबुद्ध नेता नागेन्द्र सिंह को अपना नेतृत्व सौंपती है या फिर किसी और के सिर पर सेहरा बांधती है यह तो आगामी समय तय करेगा।

## सेठ एम एन हाई स्कूल में रंगोली, केश गुफ़ान, मेंहदी, दीपक सजावट, दिवाली कार्ड मेकिंग और विशेष प्रकार के दीपक की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई

### जबकि लोग पश्चिमी संस्कृति की ओर रुझान रखते हैं, सेठ एम एन हाई स्कूल के बच्चों ने सक्रिय रूप से भारतीय संस्कृति को उजागर करने का प्रयास किया



पाटन ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे

गुजरात। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं कला नगरी के रूप में विख्यात पाटन शहर में पुराने एवं सुप्रसिद्ध उत्तर गुजरात युवा मंडल द्वारा संचालित सेठ एमएन हाई स्कूल में विभिन्न प्रकार की पाठ्येतर गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिक्षा के अलावा, छात्रों की मानसिक, बौद्धिक और अव्यक्त शक्तियों को जागृत करके उनकी रचनात्मक शक्तियों को प्रकट करने के लिए सेठ एम.एन. हाई स्कूल में रंगोली, केश गुफ़ान, मेहंदी, दीपक सजावट, कार्ड बनाना और विशेष प्रकार के दीपक बनाने जैसी कई अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। विद्यार्थियों ने आयोजित किया, जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के लगभग 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रोजेक्टों को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। जब लोग पाश्चात्य



संस्कृति की ओर आकर्षित होकर भारतीय संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, ऐसे में सेठ एमएन हाई स्कूल के बच्चों ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर अपनी कला को उजागर किया।साथ ही व्यावसायिक गतिविधियां भी कीं। इन विभिन्न प्रतियोगिताओं में माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक दोनों वर्गों में तीन-तीन नंबर दिये गये थे।

## शिक्षकों के वेतन के भुगतान में हो रही देरी के कारण आज डीडीओ महोदय से पाटन जिला प्राथमिक शैक्षिक महासंघ की टीम द्वारा मुलाकात



ब्यूरो रीपोर्ट दैनिक पुष्पांजली टुडे

**गुजरात।** प्रेसा सॉफ्टवेयर के कारण शिक्षकों के वेतन के भुगतान में हो रही देरी के कारण आज डीडीओ महोदय से पाटन जिला प्राथमिक शैक्षिक महासंघ की टीम द्वारा मुलाकात की गई। प्रेसा सॉफ्टवेयर के कारण वेतन बनाने में आ रही दिक्कतों के कारण पुराने ग्र्स पोर्टल पर दिवाली त्यौहार के कारण वर्तमान माह का वेतन प्राप्त करने के लिए डीडीओ महोदय को आवेदन दिया गया। शैक्षिक महासंघ पाटन प्रमुख कल्पेश पटेल ने बताया की डीडीओ श्री ने बड़े ही सकारात्मक भाव से दीपावली पर्व के कारण शीघ्र भुगतान का आश्वासन दिया।

## मतदान दल के अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान दलों के अधिकारियों को समुचित प्रशिक्षण प्रदाय करने के लिए द्वितीय चक्र का प्रशिक्षण जिला मुख्यालय पर 6, 7, 8, एवं 9 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। विधानसभा चित्रकूट, रैगांव, नागौद, सतना, मैहर, अमरपाटन और रामपुर बघेलान के मतदान दलों का प्रशिक्षण 6 से 9 नवंबर तक सतना जिला मुख्यालय के चार प्रशिक्षण केंद्रों पर आयोजित किया जा रहा है। इनमें प्रशिक्षण स्थल शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धवारी सतना, शासकीय उत्कृष्ट व्यंकट क्रमांक-1, शासकीय उत्कृष्ट व्यंकट क्रमांक 2 और शासकीय इंदिरा कन्या महाविद्यालय सतना में 14-14 कक्षों में प्रशिक्षण तथा एक कक्ष में हैण्ड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान दल के पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम मशीनों का संचालन, मतदाता की पहचान और मतदान केंद्र में की जाने वाली समस्त प्रक्रियायें तथा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर मतदान दल के कर्मियों को ईवीएम मशीन, सीयू, बीयू तथा वीवीपैट का संयोजन, संचालन प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के पश्चात संलग्न अधिकारी-कर्मचारीगण प्रशिक्षण स्थलों पर स्थापित किये गये फेसिलिटेशन सेंटर पर डाक मतपत्र के माध्यम से अपना मतदान भी किया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ बीके गुप्ता और डॉ नवीन कुमार कन्या धवारी में, डॉ अनुरागवर्धन पांडेय व्यंकट क्रमांक एक, बीएल बागरी व्यंकट क्रमांक 2 और विनोद खरे कन्या महाविद्यालय में उपस्थित रहकर आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण संबंधी समस्याओं का निराकरण किया।

## जिला प्रशासन की कार्रवाई,गोरमी में आठ सैंपल लेकर जांच के लिए भेजें गए

### जुर्माना जमा नहीं करने पर एक डेयरी को सील किया गया



भिंड में दीपावली त्यौहार के देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा निरंतर खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग की कार्रवाई की जा रही है ।कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग लगातार खाद्य पदार्थों की जांच कर रहा है विशेष कर दूध,मावा और अन्य दूध से बने हुए उत्पादों की जांच हो रही है। खाद सुरक्षा अमले ने गोरमी स्थित कमलेश डेरी को सील कर दिया है इनके सैंपल की जांच की गई थी और जुर्माना किया गया था संचालक द्वारा जुर्माना नहीं जमा करने पर डेयरी सील कर दिया गया है । इसके साथ ही अंबिका डेयरी और चरनजीत डेयरी से मावा के सेंपल लिए गए। सम्राट और बांके बिहारी स्वीट्स रेस्टोरेंट से बर्फी, बालुसाई और अन्य अत्पाद के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रीना बंसल और रेखा सोनी ने सैंपलिंग की कार्रवाई की और सैंपल जांच के लिए भोपाल भेजे जा रहे हैं।

## सशक्त किसान, समृद्ध ग्राम हमारा संकल्प- शशांक सक्सेना

### कांग्रेस प्रत्याशी सक्सेना ने किया ग्रामीणों क्षेत्रों में जनसंपर्क

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी के नेता किसानों की आय दोगुनी करने की बाते करते हैं। बोलते हैं कि खेती को हमने लाभ का धंधा बनाया। जबकि हकीकत कुछ और ही है भाजपा सरकार में खेती किसानी लाभ का धंधा नहीं रही। बीज मंहगा, खाद मंहगी, बिजली मंहगी, डीजल, कीटनाशक, कृषि यंत्र मंहगे। लेकिन किसान की उपज सस्ती। किसानों को लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है। जब किसान अपना हक अधिकार मांगते हैं कि उन पर गोलियां चलवाई जाती हैं। यह बात जनसंपर्क के दौरान सीहोर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना ने कही। सोमवार को श्री सक्सेना ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बासिया, पीलीकरार, वरनावद, खक्कंदर, पाटेर, गवा, दूरगाव, महुआखेडा, महुआखेडा पुरा, मगरीखुर्द, मगरदीकला, चांदबढ जागीर में



जनसंपर्क किया। ग्रामीणों ने कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना का उत्साह के साथ स्वागत किया, उन्हें युवाओं का समर्थन और बुजुर्गों का आर्शीवाद मिल रहा है। श्री सक्सेना ने किसानों से वादा किया कि सशक्त किसान, समृद्ध ग्राम हमारा संकल्प है। कहा कि कमलनाथ ने किसानों का कर्ज माफ किया था कांग्रेस सरकार बनने पर जय किसान ऋष्ठा माफी योजना को निरंतर रखा जाएगा, किसानों का दो लाख तक का कर्ज माफ किया जाएगा। किसानों के बकाया विद्युत देयक माफ होंगे। किसान आंदोलन व विद्युत संबंधी झूठे और निराधार प्रकरणों को वापस लेंगे। जातिगत गनगणना कराएंगे, ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। पढो पढाओ योजना में सरकारी स्कूलों में पढने वाले बच्चों को पढाई के साथ ही प्रतिमाह छात्रवृत्ती मिलेगी। कहा कि कांग्रेस गरीब, मजदूर, किसानों की पार्टी है। हम समावेशी विकास की धारणा आगे लेकर चलते हैं। किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना ही हमारा उदेश्य है। श्री सक्सेना ने ग्रामीणों से कांग्रेस के पक्ष मे मतदान करने का आग्रह किया।

## अनुपस्थित श्रेणी के 80 प्लस और दिव्यांग मतदाताओं का पोस्टल मतदान शुरु

### 40 पोलिंग पार्टियां 6 नवंबर को हुई रवाना

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना विधानसभा निर्वाचन 2023 में जिले की सभी सातों विधानसभा क्षेत्र में घर बैठे पोस्टल मतदान की सुविधा चाहने वाले क्षेत्र के 1985 दिव्यांगजन और 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को पोस्टल मतदान कराने 6 नवंबर का प्रातः 10 बजे इसके लिए गठित 40 पोलिंग पार्टियां जिला निर्वाचन कार्यालय से आवंटित क्षेत्र के लिए रवाना हुई। पोस्टल मतदान के लिए गठित दल 6 से नवंबर तक प्रतिदिन ऐसे मतदाताओं के घर-घर जाकर आवंटित क्षेत्र में पोस्टल मतदान कराएंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुपस्थित श्रेणी के 80 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति और पीडब्ल्यूडी (दिव्यांगजन) मतदाताओं को डाक मतपत्र से मतदान करने की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सातों विधानसभा क्षेत्र में ऐसे कुल 1985 मतदाताओं ने फार्म 12'डी' भर कर घर बैठे पोस्टल मतदान से मतदान की सुविधा चाही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी सातों विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन में पोस्टल मतपत्र से मतदान की सुविधा चाहने वाले मतदाताओं का मतदान कराने कुल 40 दल गठित किए हैं। इन दलो में मतदान अधिकारी क्रमांक एक और दो, माइक्रो ऑब्जर्वर, वीडियोग्राफर और पुलिसकर्मी भी शामिल किए गए हैं। डाक मतपत्र के नोडल अधिकारी नीरव दीक्षित ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के घर से मतदान की सुविधा चाहने वाले मतदाताओं को 9 नवंबर तक पोलिंग पार्टी उनके घर जाकर विधि-सम्यक रूप से मतदान कराएगी और पूरी मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जायेगी। पोलिंग पार्टी 6 से 9 नवंबर के बीच प्रतिदिन चिन्हित मतदाताओं के घर पहुंचकर मतदाताओं का पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करायेगी।

## अतिरिक्त मशीनों के बीयू और वीवीपैट का हुआ रेण्डमाइजेशन



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना विधानसभा निर्वाचन 2023 में सतना और मैहर जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों में से रैगांव और नागौद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में एक-एक वैलेट यूनिट और अन्य पांच विधानसभा क्षेत्र में दो-दो वैलेट यूनिट ईवीएम के साथ उपयोग की जायेगी। सतना कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम वेयर हाउस में अतिरिक्त रूप से लगाये जा रहे वैलेट यूनिट और वीवीपैट मशीनों की एफएलसी का कार्य संपन्न होने के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को विधानसभावार इन अतिरिक्त मशीनों का रेण्डमाइजेशन किया गया। इस मौके उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि पवार, नोडल ईवीएम अश्वनी जायसवाल सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर उपस्थित थे।

## अहमदाबाद प्रवासियों से किया मतदान का निवेदन

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**
**नारायणलाल सेंणचा**

अहमदाबाद। श्री कुमावत सेवा ट्रस्ट वाड़ी भवन में राजस्थान से पधारे बाली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पुष्पेन्द्रसिंह राणावत, सुमेरपुर विधान सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जोराराम कुमावत, आहोर विधानसभा क्षेत्र से छगनसिंह राजपुरोहित का छतीष कौम के बंधुओ ने बहुमान किया गया व पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में छतीष कौम के प्रवासी बंधुओ ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इस दौरान पुष्पेन्द्रसिंह राणावत ने प्रवासी लोगों से अपील की ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगामी 25 नवम्बर के



दिन राजस्थान पहुंचकर भाजपा के पक्ष में मतदान करे। जोराराम कुमावत ने कहा कि मैं आपकी सेवा के लिए तत्पर हुँ और आगे भी रहुंगा। उन्होंने गत पांच वर्षो के विकास कार्य की जानकारी दी। छगनसिंह राजपुरोहित ने भाजपा पक्ष में मतदान करने का निवेदन किया। अहमदाबाद की मेहर श्रीमति प्रतिभा जैन की अध्यक्षता में ये कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतिभा जैन ने सभा को संबोधित करते हुए प्रवासीयों को कहा की आप सभी ज्यादा से ज्यादा संख्या में राजस्थान पहुंचकर भाजपा पक्ष में मतदान करें। इस कार्यक्रम के संजोयक पुखराज प्रजापति, कानाराम चौधरी, रमेश चौधरी, नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित, विपूल प्रजापति, राज भाई प्रजापति सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय कौम के लोगों ने भाग लिया

## पैसों का लालच देकर चुनाव को प्रभावित करना चाह रहे हैं कार्तिकेय सिंह चौहान

### कांग्रेस ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा मुख्यमंत्री बताएं कि साधना टैक्स क्या है : संतोष सिंह गौतम

**रघुवर दयाल गोहिया**

**सीहोर/बुधनी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी और बुधनी विधानसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी संतोष सिंह गौतम ने आज सोमवार को पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा जारी किए गए वचन पत्र की जानकारी दी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह पर जम कर निशाना साधा।श्री गौतम ने कहा कि शिवराज का पूरा शासन ÷जंगल राज÷ का पर्याय रहा है। पूरे मध्यप्रदेश को केवल लूटा गया है। श्योपुर आज भी भारत का सबसे अधिक कुपोषित जिला है। झाबुआ और आलीराजपुर आज भी देश के सबसे गरीब जिले हैं। यह मध्यप्रदेश के माथे पर लगा कलंक है। बुधनी की कहानी भी इससे कोई अलग नहीं है! मध्यप्रदेश में दो चीजों की तुलना होती है एक है ÷छिंदवाड़ा मॉडल÷ और एक है ÷बुधनी का पिछड़ापन÷। जहां छिंदवाड़ा मॉडल देश के लिए एक आदर्श बना हुआ है, प्रगति का पर्याय बना हुआ है, वहीं बुधनी आज भी विकास की दौड़ में बहुत पिछड़ा हुआ है। कमलनाथ जी ने छिंदवाड़ा मॉडल तब खड़ा कर दिया था, जब वह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री भी नहीं बने थे। मध्यप्रदेश के किसान भूले नहीं हैं कि वर्ष 2018 में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद कमलनाथ जी ने एक घंटे के भीतर ही जिस प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए, उसकी फाइल पर हस्ताक्षर किए थे, वह फाइल किसान कर्ज माफी की थी।भाजपा सरकार के कृषि मंत्री कमल पटेल ने विधानसभा में इस बात को स्वीकार किया था कि 27 लाख किसानों की ग्यारह हजार पांच सौ करोड़ रुपए की कर्ज माफी कमलनाथ सरकार ने की है। इस बार हमारा सबसे प्रमुख वचन है, प्रत्येक नागरिक को 25 लख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा और 10 लख रुपए तक का दुर्घटना बीमा। इसके अतिरिक्त नारी सम्मान योजना के तहत बहनों को प्रतिमाह 1500 रुपए उनके खातों में देंगे और 500 रूपये में गैस सिलेंडर देंगे ।हम नागरिकों को पेयजल व स्वास्थ्य का अधिकार देंगे हर जरूरतमंद को अनाज देकर भोजन का अधिकार सुनिश्चित करेंगे। बच्चों के निशुल्क शिक्षा व्यवस्था के साथ ही पढ़ो-पढ़ाओ योजना में पहली से आठवीं तक के बच्चों को 500 रुपए नवीं से दसवीं तक के बच्चों को 1000 रुपए और 11वीं से 12वीं तक के बच्चों को 1500 रुपये प्रति माह की छात्रवृति भी देंगे। ÷मेरी बिटिया रानी÷ योजना में बेटियों को 2.51 लाख रुपए के हित लाभ दिए जाएंगे। कन्या विवाह योजना में विवाह सहायता के लिए 1 लाख 1 हजार रुपये दिए जाएंगे। दिव्यांग, विधवा व बुजुर्गों की पेंशन को 600 से बढ़कर 1200 रुपए भी कमलनाथ सरकार करेगी। गेहूं का समर्थन मूल्य 2600 रुपए प्रति क्विंटल और धान का समर्थन



मूल्य 2500 रुपए प्रति क्विंटल कांग्रेस की सरकार करने जा रही है और उसे बढ़ाकर 3000 रुपए तक ले जाया जाएगा। किसानों का 5 हॉर्स पावर तक का बिजली का बिल माफ होगा और 10 हॉर्स पावर का बिजली का बिल हाफ किया जाएगा। इससे 37 लाख से अधिक किसान लाभान्वित होंगे।बिजली का बकाया बिल माफ करेंगे, किसानों का कर्ज माफ होगा और किसान आंदोलन के दौरान लगे मुकदमे भी माफ किए जाएंगे, इसके साथ ही किसानों को न्यूनतम 12 घंटे बिजली देना सुनिश्चित किया जाएगा।मध्यप्रदेश के विकास के लिए आने वाली हर योजना यहां के मंत्रियों और नेताओं के लिए भ्रष्टाचार का एक नया अवसर लेकर आती है। मोदी जी से प्रेरित होकर भारतीय जनता पार्टी के नेता हर आपदा में केवल अपनी कमाई और भ्रष्टाचार का अवसर ढूंढना चाहते हैं। एक चीज जो मध्यप्रदेश में आम चर्चा का विषय बनी हुई है, वह यह है कि यहां एक ÷साधना टैक्स÷ लिया जाता है और वह टैक्स प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग के लिए तो लिया जाता है, कई वर्गों जिनमें व्यापारी और उद्योगपति शामिल हैं, उनसे भी यह टैक्स लिया जाता है। मैं मुख्यमंत्री की विधानसभा में, आज उनसे ही जानना चाहता हूं कि यह कौन सा टैक्स है मध्यप्रदेश की सरकार ÷लाडली बहना÷ और ÷लाडली लक्ष्मी÷ की बातें करती है लेकिन दरअसल उसकी बातें बिल्कुल खोखली हैं, हमने मणिपुर के मामले में और बृजभूषण शरण सिंह द्वारा किए गए पहलवानों के यौन शोषण के मामले में इस सच्चाई को देखा है। आज यहां बुधनी में एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें शिवराज सिंह के सुपुत्र कार्तिकेय सिंह एक जनता के बीच कह रहे हैं कि 10 तारीख आ रही है

# पेंटियम पॉइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में छात्राओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कार्यशाला का आयोजन





**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।** पेंटियम पॉइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में छात्राओं के बेहतर स्वास्थ्य तथा शारीरिक समस्याओं से संबंधित विशेष कार्यशाला का आयोजन करहिया परिसर में किया गया।आज की इस कार्यशाला मे प्रमुख रूप से शहर की सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गुंजन गोस्वामी मुख्य रूप से उपस्थित रही। कार्यशाला का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ, कार्यशाला में उपस्थित मुख्य अतिथि का पौधा भेटकर स्वागत किया गया। कार्यशाला के प्रारंभ में महाविद्यालय के शैक्षणिक संचालक एसके त्रिपाठी के द्वारा स्वागत भाषण के साथ ओज पूर्ण शैली में स्वागत महाविद्यालय प्रबंधन तथा छात्राओं की ओर से किया गया। कार्यशाला के दौरान छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने बेहतर स्वास्थ्य तथा शारीरिक कमजोरी से संबंधित जागरूकता तथा समय पर जांच तथा उपचार संबंधी बातों पर छात्राओं को प्रेरित तथा मार्गदर्शित किया। उन्होंने महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा किए गए इस विशेष प्रयास की सराहना भी की। कार्यशाला में आभार प्रदर्शन पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ सीमा शुक्ला द्वारा किया गया साथ ही उन्होंने उपस्थित अतिथि का शाल एवं श्रीफल के माध्यम से महाविद्यालय परिसर में उपस्थित होने के अवसर पर सम्मान भी किया। आज का यह विशेष कार्यशाला छात्राओं के लिए आयोजित की गई थी। कार्यशाला का सफल संचालन महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ सविता शुक्ला द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से कार्यशाला की संयोजिका डॉ अर्चना पटेल विधि विभाग से विधि संभलकर, प्रतिमा सिंह, दिव्यांशी द्विवेदी आदि प्राध्यापक छात्राओं के साथ उपस्थित रहे।

### मतदाता जागरूकता के लिए दिव्यांगों ने खेला क्रिकेट मैच

# भोपाल और रीवा की दिव्यांग क्रिकेट टीमों ने मतदाता जागरूकता के लिए खेला मैच

**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।** मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में क्रिकेट स्टेडियम इटौरा में भोपाल और रीवा के बीच दिव्यांग टीमों का क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। भोपाल की राज्य स्तरीय टीम में कई राष्ट्रीय खिला?ी शामिल थे। प्रतियोगिता के समापन पर नोडल अधिकारी स्वीप तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे एवं रीवा के स्वीप आईकान एवं अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिला?ी कुलदीप सेन ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी स्वीप ने कहा कि लोकतंत्र के महायज्ञ में हर मतदाता का सहयोग आवश्यक है। आज क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से दिव्यांग भाईयों ने मताधिकार के लिए मतदाताओं को जो संदेश दिया है उसका व्यापक असर होगा। दोनों टीमों के बीच रोचक मैच खेला गया।



मैच में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सभी खिला?ी तथा विजेता दल को बहुत-बहुत बधाई।उल्लेखनीय है कि टी-20 क्रिकेट मैच में रीवा संभाग की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट में 177 रन बनाये। रीवा की तरफ से अंकित सिंह के 40 गेंद में 71 रन की शानदार पारी खेली। 172 रन का पीछा करने उतरी भोपाल दिव्यांग की टीम 108 रन पर आल आउट हो गई। तदुपरांत खिला?ियों को मतदान करने की शपथ दिलायी गयी।

# मतदाता जागरूकता के लिए बनाई गई 3150 वर्गफिट की विशाल रंगोली



**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।** जिले में विधानसभा चुनाव के लिए सभी आठ सीटों में 17 नवम्बर को मतदान कराया जाएगा। जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस क्रम में कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में कलाकार विभूति मिश्रा द्वारा 3150 वर्गफिट की विशाल रंगोली बनाई गई है। विभिन्न रंगो से सजी इस रंगोली में भारत के नक्शे में मध्यप्रदेश के नक्शे को दिखाकर उसमें मतदान करते हुए मतदाता की उंगली दर्शायी गई है। लाल, सफेद और पीले रंगों से सजी यह विशाल रंगोली मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल, नोडल अधिकारी स्वीप डॉ सौरभ सोनवणे, सहायक कलेक्टर सोनाली देव एवं अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोगों ने इस रंगोली का अवलोकन किया तथा इसकी सराहना की। कलाकार विभूति मिश्रा ने इसके पहले कन्या महाविद्यालय में दवाओं तथा सेनेटरी नैपकिन से विशाल पोट्रेट बनाकर ख्याति पाई थी। विभूति मिश्रा ने आठ घंटे के परिश्रम के बाद इस विशाल मतदाता जागरूकता रंगोली को तैयार किया है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक कलाकार का अनूठा प्रयास सबका ध्यान आकर्षित कर रहा है।

# निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों के विरूद्ध की गयी दण्डात्मक कार्यवाही

**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान दल के प्रथम स्तरीय निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की गयी है। अनुपस्थित शासकीय सेवकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने पर जबाव संतोषजनक न होने के कारण जगलाल कोल सहायक शिक्षक शा.उ. मा. वि. कटरा एवं धीरेन्द्र बहादुर रावत प्रयोगशाला शिक्षक शा. हा. सेकेण्डरी खटखरी को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं प्रभारी अधिकारी मतदान दल गठन डॉ. सौरभ सोनवणे से प्राप्त जानकारी के अनुसार महेश कुमार तिवारी प्राचार्य शा. उ. मा. वि. महसांव, श्रीमती निर्मला पाण्डेय प्राथमिक शिक्षक नंदनपुर पंडितान, सूर्यमणि मिश्रा सहायक ग्रेड-3 म.प्र. पूर्व क्षेत्र लिमिटेड मऊगंज, भोला प्रसाद तिवारी सहायक ग्रेड-3 म.प्र. पूर्व क्षेत्र लिमिटेड मऊगंज, गणेश प्रसाद कुशवाहा सहायक ग्रेड-3 म.प्र. पूर्व क्षेत्र लिमिटेड मऊगंज, हरिशंकर चतुर्वेदी स्थल सहायक लोक निर्माण विभाग मऊगंज, नरेश कुमार पाल आयुक्त वाणिज्यकर कार्यालय, दीपक सेन सीएचओ ककरहा, राघवेन्द्र प्रताप सिंह कार्यालय सहायक म.प्र. पूर्व क्षेत्र लिमिटेड त्योंथर, काशी प्रसाद प्रजापति प्राचार्य हायर सेकेण्डरी स्कूल बंधवा मऊगंज, भोला प्रसाद साकेत लोक निर्माण विभाग रीवा, रामसागर शुक्ला एमपीडब्ल्यू मऊगंज, पंकज तिवारी सहायक ग्रेड-3 महिला एवं बाल विकास विभाग नईगढ़ी, बीना साकेत प्राथमिक शिक्षक बम्हौरी तथा देवेन्द्र धाकड़ सहायक अ. सा. कन्या विद्यालय देवतालाब को 3 दिवस का कार्य नहीं वेतन नहीं के आधार पर अवैतनिक किया गया है। जबकि राजबहादुर सिंह व्याख्याता नईगढ़ी, अवध किशोर मिश्रा सहायक ग्रेड-3 आयुष कार्यालय रीवा, चन्द्रकरण शर्मा शिक्षक सीएम राइज पीके स्कूल, सुदामा प्रसाद पाण्डेय मानचित्रकार, राजकृष्ण दुबे माध्यमिक शिक्षक अ.जा. वि. एवं चन्द्रशेखर तिवारी उपयंत्री विभाग को लापरवाही बरतने जाने पर दोषी मानते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये हैं।

# रीवा विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों का प्रशिक्षण आज

**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।** रीवा और मऊगंज जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में मतदान 17 नवम्बर को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। मतदान के लिए गठित मतदान दलों के दूसरे चरण का प्रशिक्षण 7 से 10 नवम्बर तक आयोजित किया जायेगा। रीवा विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों का प्रशिक्षण 7 नवम्बर को दो सत्रों में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण शासकीय टीआरएस कालेज रीवा के 20 कक्षों में आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में नोडल अधिकारी प्रशिक्षण तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि प्रथम सत्र प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरा सत्र दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान मॉकपोल, ईव्हीएम के संचालन, मतपत्र लेखा तैयार करने, मतदान केन्द्र की व्यवस्थाएं, मतदान केन्द्र में सुरक्षा के उपाय, ईव्हीएम को सील बंद करने सहित मतदान से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। मतदान दल के सभी सदस्यों से ईव्हीएम के बैलेट यूनिट, व्हीव्हीपैट तथा कंट्रोल यूनिट को सही तरीके से कनेक्ट करने एवं संचालित करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतदान दल के सभी सदस्य प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें

# हिमालय गुप ने किया कलाकारो का सम्मान,रीवा कलाकार संघ का हुआ गठन



**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।** कलाकारो के सम्मान से कला समृद्ध होने के नये रास्ते प्रशस्त होते है जिससे समूचे प्रदेश, देश और विश्व में क्षेत्र की गौरव गाथा लिखी जाती है यह उदगार बतौर मुख्य अतिथि हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार के तत्वाधान में शुभमंगल मैरिज गार्डेन ढेकहा में आयोजित कलाकारों के सम्मान में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में व्यक्त किये। इस अवसर पर धर्म परिवार युवा शाखा के संरक्षक संजय तिवारी मुन्नू, अध्यक्ष सुमित मॉजवानी, स्ट्रीट फाइटर के मिंकू दुबे, बालाजी ग्रुप के किशन खटिक, ब्लफ मास्टर के हिमांशु, संजय सिंह ड्रेस सप्लायर, नीरज जी, गुड्डू भैया, राकेश वर्मा आदि को एवं सभी कलाकारो को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। धर्म परिवार के आजीवन संरक्षक एवं मार्गदर्शक श्री डिगवानी ने रीवा कलाकार संघ के गठन की घोषणा की जिसका सभी लोगो ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। हिमालय डॉस अकादमी के प्रमुख जावेद खान को अध्यक्ष बनाया गया संरक्षक संजय तिवारी मुन्नू, संयोजक सुमित मॉजवानी को कमेटी गठन की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर श्री डिगवानी को उनके 67वें जन्मदिन पर केक काट कर सभी कलाकारो ने बधाई देते हुये दीर्घायु होने की कामना की और स्वल्पाहार तथा प्रीतिभोज का आनंद लिया। मार्गदर्शक श्री डिगवानी ने अगले वर्ष रीवा कलाकार संघ का ऐतिहासिक आयोजन कराने की घोषणा की साथ ही कलाकारो को राष्ट्रीय स्तर पर टी.वी. चैनल्स के कार्यक्रमों में जाने के लिये प्रोत्साहित करते हुये पूरा सहयोग प्रदान करने का वादा किया।

**भवदीय**
**नारायण डिगवानी**

# भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं दबंग हिन्दू सेना की जिलाध्यक्ष ने मुरैना शहर के वार्ड 14 में जनसंपर्क करते हुए कही



मुरैना! प्रदेश में 17 नवंबर को मतदान होगा। उस दिन वोट देने से पहले आप 2003 की तस्वीर जरूर याद रखना जब मिस्टर बंटाढार ने पूरे प्रदेश का हाल बेहाल कर रखा था। सड़क,बिजली पानी की समस्याओं से प्रदेश के लोगों को जूझना पड़ता था। आज डबल इंजन की सरकार में विकास ही विकास हो रहा है। 2003 के बाद प्रदेश में हर क्षेत्र में विकास ही विकास आपको नजर आ रहा होगा। यह क्रम नहीं रुकने चाहिए। भाजपा के पास डबल इंजन की सरकार है और कांग्रेस के पास इंजन ही नहीं है। यह बात दबंग हिन्दू सेना की जिलाध्यक्ष कल्पना प्रताप सेंगर ने मुरैना शहर के वार्ड 14 में भाजपा प्रत्याशी रघुराज कंषाना की धर्म पत्नी मोनिका कंषाना के साथ भाजपा के समर्थन में जनसंपर्क के दौरान वार्ड वासियों से कही।श्रीमती सेंगर ने कहा कि कांग्रेस का गरीबों के कल्याण से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा ने पिछले 18 सालों में दलितों,युवा और पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्गों के लिए काम किया। जब कांग्रेस सत्ता में थी तो प्रदेश का क्या हाल था और आज कितना अंतर आया है। प्रदेश में पहले 60 हजार किलोमीटर सड़के थी आज 5 लाख 10 हजार किलोमीटर सड़कें हो गई। पहले केवल 64 हजार पर्यटक प्रदेश घूमने आते थे आज ये आंकड़ा 9 करोड़ तक पहुंच गया है। पहले केवल प्रदेश में 150 आईटीआई थी अब बड़कर 1 हजार हो गई। सारा परिवर्तन भाजपा की 18 सालों की सरकार में हुआ है। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री,मीना भदौरिया,भाजपा जिला उपाध्यक्ष ऊषा बांदिल, निधि गुप्ता, गुड्डी राठौर,पक्षिम मण्डल अध्यक्ष अंजली डण्डौतिया सहित सैकड़ों महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं!

# ओबीसी मोर्चे की बैठक संपन्न,शहरी एवं ग्रामीण शक्ति केन्द्रों पर बैठकों का दौर जारी,



सारणी। आमला विधानसभा का ओबीसी मोर्चा शक्तिकेंद्र बैठक आज सारनी शक्तिकेंद्र में संपन्न हुइ बैठक में मुख्य रूप से ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री संजू सोलंकी,विधानसभा प्रभारी महेन्द्र सराटकर,जिला मंत्री नारायण यादव शक्तिकेंद्र प्रभारी भीमबाहदु थापा,ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुकेश यादव ,प्रवीण सोनी,मनीष धोटे,रमेश हारोडे, उपस्थित रहें। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संजू सोलंकी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे ब?ी शक्ति है एवं भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से मोदी सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का अनुरोध किया एवं आमला विधानसभा के विकासशील ऊर्जावान प्रत्याशी डा.योगेश पंडागरे जी को प्रचण्ड बहुमतों विजयश्री दिलाने का सकल्प दिलाया।

# कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने सगरा में जनसंपर्क के दौरान उमड़े जनसैलाब को किया संबोधित

पुष्पांजली टुडे

रीवा। विगत् 20 वर्षो से भाजपा के विधायक को चुन कर आप सब ने विधानसभा में भेजा। जहाँ पर वह मंत्रिपरिषद के विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों में रहकर कार्य किये इन 20 वर्षो में आप सबने उनके विकास के कार्यो को देख भी लिया है। एक बार मुझे भी क्या आप लोग अवसर नहीं दे सकते हैं, या क्या मैं आपसे एक बार मौका देने के लिए याचना का अधिकारी नहीं हूँ। यदि आपके घर का सदस्य होने के नाते मैं याचना का अधिकारी हूँ तो एकबार मुझको विधानसभा भेजकर सेवा का अवसर प्रदान कीजिए तथा मेरे विकास के कार्यो को देखे मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि अपने कार्यो से आपकी परीक्षा में खरा उतरूंगा यह भावनात्मक विचार कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने सगरा में बढ़िड़ान टोला, गंगहरा मोड़, नईबस्ती मलैहन टोला डोंगरी, सेंदरा, कपुरी, कुसहा, लौआ, नवागांव के विभिन्न टोलो/मोजरों में जनसंपर्क के दौरान उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहा। श्री शर्मा ने कहा कि रीवा विधानसभा का यह क्षेत्र पिछले 20 वर्षो में मैंने जैसा देखा था उसीप्रकार का आज भी दिख रहा है। यहाँ गांव में अभी तक पहुंच मार्ग नहीं बन पाए है आज भी वर्षा ऋतु में यदि आपके घर पर कोई बीमार पड़ जाए तो उसे खटोले में ले जाना पड़ता है। हायर सेकण्डरी स्कूल की दशा यह है कि शायद ही सगरा और आसपास के छात्र उस स्कूल में पहुंच पाते हों। जो जा भी पाते हैं वह पहड़िया में डम्प किये जा रहे कचरे की सड़ांध में



अध्ययन कर रहे हैं। यह देख कर मुझे आश्चर्य होता है कि भाजपा के लोग विकास का दिखावा करके अपनी पीठ थपथपा रहें है। इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि यदि मैं इस क्षेत्र से चुनकर विधानसभा पहुंचा तो पहड़िया, सगरा, एवं आस-पास के गांव को कचरा की इस सड़ांध से मुक्त कराने का पुरजोर प्रयास करूंगा, और आप सबको यह विश्वास दिलाता हूँ कि यहाँ जिन मूलभूत समस्याओं की आपूर्ति अभी तक हो जानी चाहिए थी वह नहीं हो सकी है मैं उन्हें पूर्ण कराउंगा। पूरे प्रदेश में भाजपा लूट खसोट का काम कर रही है 50 प्रतिशत कमीशन के बिना कोई काम नही हो रहा है। मध्यान्ह भोजन के नाम बच्चों के मुख से निवाला छीना जा रहा है व जो दिया भी जा रहा है उस भोजन से बच्चे कुपोषित हो रहे हैं। इंजी. राजेन्द्र शर्मा के उद्बोधन से प्रभावित होकर उपस्थित जन सैलाब ने संकल्प लिया कि इस बार कांग्रेस पार्टी के उम्मीद्वार को जिताकर भाजपा का सूपड़ा साफ करेंगे।रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा ने कहा कि बीते 20 वर्षो में रीवा विधायक ने जनता से छलावा किया है, उनके द्वारा शहर की बेसकीमती जमीनों को बिल्डरों को बेचने का काम किया और जनता को परेशान होना पड़ा। जिन प्रोजेक्टों का नाम लेकर वह विकास पुरुष का तमगा लगाकर घूम रहे है उनके हालात जनता से छिपे नहीं है। करोड़ो के प्रोजेक्ट में कंपनियों ने बंदरबांट किया और परेशानी जनता को उठानी पड़ी है। इसलिए अब समय आ गया है कि ऐसे लोगो को जबाव दिया जाए जिन्हें यह लगता है कि रीवा में उनके अलावा जनता के पास कोई विकल्प ही नहीं रह गया।

संपादकीय

# डेटा में सेंधमारी

देश के नागरिक सरकारी एजेंसियों के सुरक्षा उपायों पर भरोसा करके अपनी निजी संवेदनशील जानकारी विभिन्न सरकारी सुविधाओं की जरूरत के लिये उपलब्ध कराते हैं। विभिन्न योजनाओं के लिये अनिवार्य रूप से निजी जानकारी उपलब्ध कराने को लेकर गाहे–बगाहे बहस चलती रहती है कि क्या अपनी निजी व गोपनीय जानकारी सरकार की किसी योजना हेतु देने की बाध्यता है। कुछ लोग इसे निजता में अतिक्रमण मानते हैं। इसकी एक आशंका यह भी रही है कि ऑनलाइन सेवाओं व सुविधाओं के विस्तार के बाद नागरिकों के डेटा की फुलप्रूफ सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकी है। नागरिकों की यह आशंका उस समय हकीकत में घटित होती दिखी जब अमेरिका की साइबर सिक्योरिटी फर्म रिसिक्योरिटी ने दावा किया कि करीब 81.5 करोड़ भारतीय नागरिकों की निजी जानकारी बदनाम डार्क वेब पर बिक्री के लिये उपलब्ध है। कहा जा रहा है कि कोविड टीकाकरण के पंजीकरण के लिये भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा नागरिकों के आधारकार्ड के जरिये यह निजी जानकारी जुटाई गई थी। बताया जाता है कि कथित तौर पर यह जानकारी कोविड–19 के टीकाकरण रिकॉर्ड से निकाली गई है। निस्संदेह इस खबर ने भारतीय नागरिकों के निजी डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता को लेकर चिंता बढ़ा दी है। यह जांच का विषय है कि कैसे इतने बड़े पैमाने पर नागरिकों का डेटा हैकरों द्वारा उड़ा लिया गया। इस गंभीर मामले की तह तक जाने की जरूरत है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिकी फर्म की यह रिपोर्ट भारत सरकार द्वारा डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण कानून लागू करने के कुछ ही माह बाद आई है। यह कानून डिजिटल व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करता है। आज यह जरूरी है ताकि देश में डेटा की चोरी व छेड़छाड की तमाम घटनाओं पर अंकुश लग सके। यह हमारी चिंता का विषय होना चाहिए कि वर्ष 2022 में दुनियाभर में डेटा के दुरुपयोग के जो 2.29 बिलियन मामले दर्ज किये गये, उनमें से 20 फीसदी मामले भारत में सामने आए। इससे पहले भी जून में मीडिया में कुछ रिपोर्टें प्रकाशित हुई थीं, जिसमें कहा गया था कि कोरोना महामारी के दौरान सुव्यवस्थित टीकाकरण व कोरोना के रोगियों के उपचार के लिये स्वास्थ्य मंत्रालय का जो पोर्टल को–विन तैयार किया गया था, उसमें से लोगों की संवेदनशील जानकारी में सेंधमारी की गई है। तब मीडिया की इन रिपोर्टों को केंद्र सरकार ने खारिज कर दिया था। निस्संदेह, भारत में डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने को हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है। दरअसल, हैकर इस मामले में सरकारी सुरक्षातंत्र को छकाने में कामयाब रहते हैं। निश्चित रूप से डेटा चुराने की जांच के अतिरिक्त भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम यानी सीईआरटी–इन को साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान किया जाना चाहिए। ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति पर रोक लगाई जा सके। हमारे नागरिक, जो बिना किसी संदेह के सार्वजनिक व निजी एजेंसियों के साथ अपना व्यक्तिगत विवरण साझा करते हैं उन्हें व्यक्तिगत पहचान की चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों के अन्य रूपों से व्यापक सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि अमेरिकी एजेंसी रिसिक्योरिटी के अलर्ट के बाद नागरिकों के डेटा सुरक्षा के उपायों को गंभीरता से लिया जाएगा। इस बात का अवलोकन भी होना चाहिए कि डेटा सुरक्षा को लेकर उभरते खतरे और चुनौतियों से निपटने के लिये नवीनतम कानून पूरी तरह से सक्षम है भी या नहीं। गंभीर चिंता का विषय है कि कुख्यात डार्क वेब पर करोड़ों भारतीयों की निजी जानकारी बिक्री के लिये मौजूद है। जिसमें करोड़ों भारतीयों की आधार कार्ड, पासपोर्ट, फोन नंबर व पते संबंधी जानकारी ऑनलाइन बिक्री के लिये उपलब्ध है। आज की दुनिया में साइबर अपराधों को देखते हुए लोगों का डेटा सुरक्षित रखना अपरिहार्य है। जो सुरक्षा उपायों को फुलप्रूफ बनाने की जरूरत बताता है। कहा जा रहा है कि इससे पहले कंप्ट्रोलर एंड ऑडिटर्स जनरल यानी कैग भी आधार कार्ड जारी करने वाली अथॉरिटी द्वारा डेटा सुरक्षित करने के उपायों के तौर–तरीकों पर चिंता जता चुका है। डेटा को सुरक्षित करने के लिये लगातार सिक्योरिटी ऑडिट्स और अपडेट्स की जरूरत होती है, ताकि ऑनलाइन फ्रॉड से लोगों को बचाया जा सके।

# फिर सामने आया फोन हैकिंग का जिन्न

–रोहित माहेश्वरी

> 31 अक्टूबर को महुआ मोइत्रा के अलावा कांग्रेस सांसद शशि थरूर, पवन खेड़ा, आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया पर आईफोन का अलर्ट मैसेज पोस्ट कर लिखा– सरकार उनके फोन और ईमेल को हैक करवाने की कोशिश कर रही है। कुछ घंटे बाद राहुल गांधी भी कांग्रेस कार्यालय पहुंचे और कहा कि एपल की ओर से जो अलर्ट आया है, वो मेरे ऑफिस में सभी को मिला है।

तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा समेत विपक्ष के 8 से ज्यादा नेताओं ने 31 अक्टूबर को केंद्र सरकार पर फोन हैकिंग का आरोप लगाया है। मामले में आईटी मंत्रालय की पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी एपल को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुला सकती है। 31 अक्टूबर को महुआ मोइत्रा के अलावा कांग्रेस सांसद शशि थरूर, पवन खेड़ा, आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया पर आईफोन का अलर्ट मैसेज पोस्ट कर लिखा– सरकार उनके फोन और ईमेल को हैक करवाने की कोशिश कर रही है। कुछ घंटे बाद राहुल गांधी भी कांग्रेस कार्यालय पहुंचे और कहा कि एपल की ओर से जो अलर्ट आया है, वो मेरे ऑफिस में सभी को मिला है। भाजपा की सरकार और उसका फाइनेंशियल सिस्टम इस मामले से सीधे जुड़ा हुआ है। इन नेताओं में केसी वेणुगोपाल, पवन खेड़ा, सीताराम येचुरी, प्रियंका चतुर्वेदी, टीएस सिंह देव, महुआ मोइत्रा, राघव चड्ढा के नाम शामिल हैं। मामला सामने आने के बाद सियासी भूचाल आ गया और विपक्ष सरकार पर हमलावर हो गया। हालांकि, केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विपक्ष के दावों को खारिज कर दिया. वैसे यह पहला मौका नहीं है, जब भारत में विपक्ष ने फोन टैपिंग के आरोप लगाए हों। इससे पहले भी कई बार फोन टैपिंग के मामले सामने आ चुके हैं। साल 2021 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीजेपी पर स्पाईवेयर पेगासस के जरिए जासूसी करने का आरोप लगाया था। एमनेस्टी इंटरनेशनल और फॉरबिडेन स्टोरीज की एक रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली कंपनी एनएसओ के पेगासस सॉफ्टवेयर से भारत में कथित तौर पर 300 से ज्यादा हस्तियों के फोन हैक किए थे। इनमें राजनेताओं, पत्रकारों और कई पूर्व प्रोफेसरों के फोन शामिल थे। राज्यसभा सांसद अमर सिंह ने 2006 में यूपीए सरकार और सोनिया गांधी पर फोन टैपिंग का आरोप लगाया था। उन्होंने दावा किया था इंटेलीजेंस ब्यूरो उनका फोन टैप कर रही है। भाजपा ने मामले में जॉर्ज सोरोस फंडेड एक्सेस नाउ और आईफोन नोटिफिकेशन के बीच संबंध का संकेत दिया। बीजेपी आईटी विभाग प्रमुख अमित मालवीय मालवीय ने एक्स पर एक नेटिजन का पोस्ट किया गया थ्रेड भी शेयर किया। कहा कि यह एक दिलचस्प थ्रेड है जो जॉर्ज सोरोस फंडेड एक्सेस नाउ और ऐप्पल नोटिफिकेशन के बीच एक लिंक खींचता है। नोटिफिकेशन केवल विपक्षी नेताओं को मिला है। इसमें एक्सेस नाउ की भूमिका दिखाई देती है। मालवीय ने कहा कि इसमें कोई आश्चर्य नहीं है क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी सब कुछ छोड़ कर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने दौड़ पड़े। मालवीय ने कहा यहां भयावह साजिश देखें। थ्रेड में एक्सेस नाउ के भारत में बनाए गए नेटवर्क की डिटेल भी है। भाजपा नेता ने एक्स पर लिखा कि यदि आप परियों की कहानियों में भरोसा करते हैं, तो क्या आप सोचेंगे कि यह सब कुछ संयोग है। असल में, बहुराष्ट्रीय कंपनी एप्पल ने विपक्ष के कुछ नेताओं को अलर्ट भेजा कि आपके आईफोन हैक किए जा सकते हैं। हमलावर आपके फोन के संवेदनशील डाटा, कैमरे और माइक्रोफोन आदि तक पहुंचने की कोशिश भी कर सकते हैं। एप्पल ने यह अलर्ट सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही नहीं भेजा, बल्कि ऐसे लोगों तक भी भेजा है, जो सार्वजनिक जीवन में नहीं हैं। कुछ पत्रकारों और स्कॉलर्स तक भी यह अलर्ट पहुंचा है। यह अलर्ट 150 देशों में भी भेजा गया है, जहां एप्पल के आईफोन इस्तेमाल किए जाते हैं। साफ मायने हैं कि यह चेतावनी वैश्विक है, लिहाजा विपक्षी नेताओं की चीखा–चिल्ली महज सियासत है। विवाद बढ़ने के बाद एपल ने कहा कि स्टेट स्पॉन्सर्ड अटैकर्स को बढ़िया फंड मिलता है और वे बहुत सॉफिस्टिकेटेड तरीके से काम करते हैं। उनके अटैक भी समय के साथ बेहतर होते जाते हैं। ऐसे हमलों का पता लगा पाने के लिए हमें थ्रेट इंटेलिजेंस सिग्नल पर निर्भर रहना पड़ता है, जो कि कई बार परफेक्ट नहीं होते या अधूरे रहते हैं। ये संभव है कि एपल के कुछ थ्रेट नोटिफिकेशन फाल्स अलार्म हों या कुछ अटैक को डिटेक्ट न किया जा सके। हम ये जानकारी दे पाने में अक्षम हैं कि किन कारणों से हम थ्रेट नोटिफिकेशन जारी करते हैं, क्योंकि ऐसा करने से स्टेट स्पॉन्सर्ड अटैकर्स अलर्ट हो जाएंगे और फिर वे अटैक करने के अपने तरीके ऐसे बदल लेंगे कि भविष्य में पकड़ में नहीं आ पाएंगे। एप्पल ने अपने बयान में यह स्पष्टीकरण भी दिया है कि खुफिया संकेतों के आधार पर ऐसे अलर्ट आते हैं, जो अधूरे और गलत भी साबित हो सकते हैं। कंपनी ने सरकार द्वारा प्रायोजित हमलावरों की बात तो की है, लेकिन किसी 'विशेष सरकार' का खुलासा नहीं किया है। एप्पल ने हैकिंग के ऐसे खतरों से निपटने वाले सिस्टम से इंकार किया है। कंपनी यह भी नहीं बता सकती कि अलर्ट किन हालात में देना पड़ा, क्योंकि यह जानकारी देने से हैकर्स उससे बचने के रास्ते खोज सकते हैं। यानी स्पष्ट है कि फोन हैकर्स चीन, पाकिस्तान या किसी अन्य देश के भी हो सकते हैं! एप्पल ने एक ही समय, एक ही साथ, विपक्षी नेताओं और 150 देशों को यह चेतावनी–संदेश भेजा है, लिहाजा संदेहास्पद और सवालिया लगता है। यदि हैकिंग हुई है या की जा रही है, तो वह अलग–अलग स्थान पर, अलग–अलग समय में की जानी चाहिए। फिर भी मान सकते हैं कि मोदी सरकार ने विपक्ष के कुछ नेताओं और प्रवक्ताओं के फोन हैक कराए हैं, लेकिन 150 देशों और अराजनीतिक चेहरों के फोन हैक कराने में सरकार के सरोकार क्या हो सकते हैं? उनसे हासिल क्या होगा? भारत में 2 करोड़ से अधिक लोग आईफोन का इस्तेमाल करते हैं और दुनिया भर में करीब 146 करोड़ उपयोगकर्ता हैं। क्या ये सभी मोदी सरकार के निशाने पर हैं अथवा सभी को अलर्ट भेजा गया था? एप्पल को इस संदर्भ में तमाम स्पष्टीकरण देने चाहिए। बहरहाल केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की घोषणानुसार जांच शुरू कर दी गई है। एप्पल भी जांच के दायरे में होगी। एप्पल से कथित 'राज्य–प्रायोजित हमलों' पर वास्तविक और सटीक जानकारी मांगी गई है। इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम इसकी जांच कर तह तक जाने की कोशिश करेगी। मंत्री ने इसे भारत सरकार को बदनाम करने की साजिश और भटकाने वाली विपक्ष की राजनीति करार दिया है। 'फोन में सेंधमारी' कोई नया मुद्दा नहीं है। किसी की निजता और गोपनीयता पर हमला भी नहीं है। इजरायल से खरीदे गए जासूसी सॉफ्टवेयर की चर्चा एक बार फिर मुखर हो रही है। हालांकि सर्वोच्च अदालत की निगरानी में जो जांच कराई गई थी, उसमें कुछ भी ठोस सामने नहीं आया था। तब शीर्ष अदालत ने अपने–अपने फोन सरकार में जमा कराने का विकल्प भी दिया था, ताकि भीतरी जांच हो सके कि उसकी जासूसी कराई गई अथवा नहीं। तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी अपना फोन जमा नहीं कराया था। आज फिर पुराने, अपरिपक्व बयान दोहराए जा रहे हैं। सवाल तो यह है कि फोन हैकिंग के संदर्भ में अडाणी की भूमिका क्या हो सकती है? राहुल गांधी ने किसे 'तोता' कहा है? क्या कांग्रेस सरकारों के कार्यकालों में अडाणी व्यापार नहीं करते थे? क्या उन्हें ठेके नहीं दिए गए? देश को ऐसे सवाल कांग्रेस नेता से पूछने चाहिए। दरअसल जिनके फोन में सेंधमारी के आरोप उछले हैं, उनमें अधिकतर चेहरे राजनीतिक तौर पर अप्रासंगिक हैं अथवा आरोपित हैं। मोदी सरकार को उनके फोन हैक कर हासिल क्या होगा? वे भाजपा को राजनीतिक चुनौती देने की स्थिति में भी नहीं हैं। यदि एप्पल के चेतावनी–संदेश में कुछ ठोस था, तो विपक्ष को प्रेस ब्रीफिंग के बजाय प्राथमिकी दर्ज करानी चाहिए थी।
–स्वतंत्र पत्रकार

# वैश्विक नेतृत्व और भारत की भूमिका

संजीव ठाकुर

भारत हमेशा से शांति सद्भावना और सौहाद्र का सर्वकालिक समर्थक रहा है।रूस यूक्रेन युद्ध में भारत की तरफ से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं की युद्ध विराम हो जाए और इसके लिए भारत में अथक प्रयास भी किए हैं ,यह अलग बात है कि विस्तारवादी दृष्टिकोण को लेकर पुतिन और जेलेन्सकी अजीब सी राजनीतिक और कूटनीतिक परिस्थितियों में एक दूसरे के सामने खड़े तथा अड़े है। अब इजराइल हमास युद्ध में भारत की नीति स्पष्ट रूप से आतंकवादी गतिविधियों और उग्रवाद के विरोध में रही है। भारत ने आतंकवादी संगठन हमास, हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद का खुलकर विरोध किया है पर दूसरी तरफ इजरायल की बमबारी से घायल हुए पिलिस्तिनी नागरिकों के लिए 38 टन खाद्य सामग्री दवाएं और आवश्यक वस्तुएं तत्काल मुहैया कराई है। भारत के संबंध अरब देशों के साथ–साथ यूरोप,अमेरिका ,ब्रिटेन, फ्रांस और नाटो देशों से भी मधुर हैं इन परिस्थितियों में अरब देश भारत के प्रति युद्ध विराम की संभावनाओं की तलाश में भारतीय पहल का इंतजार कर रहा है। अब भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में जॉर्डन के शांति प्रस्ताव में वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया ,120 देशों के मतों से प्रस्ताव पारित हो गया, 45 देशों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। चूंकि जॉर्डन हमास को उग्रवादी संगठन नहीं मानता और भारत हमास को कट्टर उग्रवादी मानने की नीति पर चल रहा है। अब भारत को आगे बढ़कर पूरे विश्व का नेतृत्व करने का समय आ गया है। भारतवर्ष अर्वाचीन काल से अहिंसा का पुजारी रहा हैद्यपुरातन काल से ही राजा, महाराजा और सम्राटों ने अपने राज्य कार्य में हिंसा को कभी प्रथम पंक्ति में महत्त्व नहीं दिया था। तथा विस्तार वाली नीतियों में भी सेना प्रयास करती रही की आक्रमण के दौरान कम से कम सैनिक हताहत हो। फल स्वरूप राजा, महाराजा तथा सम्राटो ने सदैव अहिंसा के पुजारी बनकर ही राजकाज किया थाद्य पहले से आक्रमण न करने की नीति तथा अहिंसा वादी नीति के कारण भारत पहले मुगलों का तथा बाद में अंग्रेजों का गुलाम हो गया था। इसके उपरांत बहुत संघर्ष तथा मेहनत के बाद 1947 में भारत को आजादी मिलीद्य और इसके उपरांत भारत लगातार "अहिंसा परमो धर्म" की नीति पर अपने कदम बढ़ाता रहा है। कुछेक उदाहरण को छोड़ दिया जाए जैसे पाकिस्तान द्वारा लगातार भारत पर आक्रमण करने से भारत ने मुंह तोड़ जवाब भी दिया। और इसी के परिणाम स्वरूप बांग्लादेश का जन्म भी हुआ। पर इस घटना में भी भारत की वैश्विक स्तर पर शांतिदूत की भूमिका ही रहीद्य भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छवि एक शांति के संप्रभुता वाले गणतांत्रिक लोकतंत्र की रही। भारत ने ऐतिहासिक तौर पर कभी किसी राष्ट्र पर अपनी तरफ से आक्रमण हमला नहीं कियाद्य और यही कारण है की संयुक्त राष्ट्र संघ के 75 वर्ष के निर्माण काल के पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ हमेशा शांति प्रयासों में भारत की सहायता लेता रहा है और भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ वैश्विक स्तर पर शांति प्रयासों में योगदान की महत्वपूर्ण रहा है। भारत की स्वतंत्रता के बाद मोदी सरकार ने भी वसुधैव कुटुंबकम की नीति का परिचालन कर विश्व को संदेश दे दिया है की भारत गांधी का देश है बुध और विवेकानंद का देश है। वह अपने साथ विश्व में भी शांति और सौहार्द्र बनाए रखना चाहता है। और इसी कार्यक्रम में 26 सितंबर 2020 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आभासी आयोजन में हिंदी में संभाषण किया यह उनकी संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा को संबोधित करने का हिंदी में तीसरा अवसर था। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा किए जा रहे शांति प्रयासों में अपनी भूमिका का स्मरण दिलाया। उन्होंने कहा की भारत विभिन्न समय में संयुक्त राष्ट्र संघ से कंधे से कंधा मिलाकर शांति प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देता आया है. इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद के लोकतांत्रिक होने के प्रयासों में अपना दावा भी पेश किया था। यह उल्लेखनीय है की भारत में संयुक्त राष्ट्र संघ की सभी शांति प्रयास की योजनाओं तथा अभियान में अपनी सशक्त जिम्मेदारी निभाते हुए अपना सहयोग तथा शांति सेना हेतु अपनी सेनाओं को भेजकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संयुक्त राष्ट्र संघ की अपनी धर्म तथा संविधान तथा घोषणा पत्र मैं शांति प्रयासों के लिए सेना को भेजने का कहीं उल्लेख नहीं है किंतु विश्व के कई युद्ध रत तथा मुसीबत में पड़े राष्ट्रों को जहां गृह युद्ध जैसी स्थिति बनी है। वहां भारतीय गणतंत्र ने अपनी सेनाएं भेज कर हजारों लाखों मानव की रक्षा कर, मानव जाति की सेवा की है। और अवांछित युद्ध जैसी स्थिति पर अपनी सेनाओं द्वारा नियंत्रण स्थापित किया है। इस बात को संयुक्त राष्ट्र संघ अलग–अलग महासभा में स्वीकार भी करता है। अब तक भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आहूत शांति प्रयासों तथा शांति निर्वहन संक्रियाओं का समर्थन कर रचनात्मक सहयोग हर संभव किया है? भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ के आव्हान पर कोरिया, वियतनाम,लागोस,मिस्र, सीरिया , लाइबेरिया, युगोस्लाविया,नामीबिया, सोमालिया, सूडान सहित अनगिनत देशों में अपनी सेनाएं वहां पर शांति बहाली हेतु अलग–अलग समय में उपलब्ध करवाई थी।

# योगी राज में दलितों को जमीन के बदले जेल

एस आर दारापुरी

> अगले दिन 11 अक्तूबर को सवेरे 6 बजे मुझे होटल वाले ने बताया कि पुलिस इन्स्पेक्टर मुझ से मिलने के लिए आया है। मैं नीचे लाबी में गया तो उसने मुझे बताया कि आपको थाने पर चलना है। मैंने उसे बताया कि मैं फ्रेश होकर तथा नहा धोकर एवं नाश्ता आदि।

उत्तर प्रदेश में योगी की भाजपा सरकार आज कल जगह जगह दलितों का सम्मेलन करके उनका कल्याण करने तथा दलित हितैषी होने का दावा कर रही है। उसके इस दावे के सच की पोल गोरखपुर में पिछले महीने सरकार द्वारा दलितों के लिए जमीन मांगने पर दलित नेताओं को जेल में डालने की घटना से पूरी तरह से खुल जाती है जिस घटना का विवरण निम्नवत है। 10 अक्तूबर, 2023 को गोरखपुर में अंबेडकर जन मोर्चा द्वारा भूमिहीन दलितों को एक एक एकड़ भूमि आवंटन की माँग को लेकर गोरखपुर कमिश्नर कार्यालय के प्रांगण में एक धरने का आयोजन किया गया था। उसमें मुझे भी एक वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। मैं 10 अक्तूबर को प्रातरू ट्रेन द्वारा गोरखपुर पहुँचा था और एक होटल में रुका था। वहाँ से मैं लगभग 12.30 बजे धरना स्थल पर पहुंचा था और मैंने लगभग 15 मिनट तक भाषण दिया था जिसमें मैंने दलितों के लिए भूमि की आवश्यकता, भूमि आवंटन की मांग का औचित्य तथा पूर्व में इंदिरा गांधी द्वारा भूमि आवंटित किए जाने की बात कही थी। उसके लगभग आधा घंटा बाद मैं होटल पर वापस आ गया था। धरनास्थल पर लगभग 8–9 हजार की भीड़ थी और उसमें लगभग 90: महिलाएं थीं जो जमीन की मांग को लेकर बहुत उत्साहित एवं मुखर थीं। वहाँ पर पुलिस तथा मजिस्ट्रेट मौजूद थे और सारा कार्यक्रम बहुत अनुशासित ढंग से चल रहा था। मौके पर मेरी भेंट धरने के मुख्य संयोजक श्रवण कुमार निराला तथा डा. सिद्धार्थ रामू तथा कुछ अन्य परिचित लोगों से हुई थी। अगले दिन 11 अक्तूबर को सवेरे 6 बजे मुझे होटल वाले ने बताया कि पुलिस इन्स्पेक्टर मुझ से मिलने के लिए आया है। मैं नीचे लाबी में गया तो उसने मुझे बताया कि आपको थाने पर चलना है। मैंने उसे बताया कि मैं फ्रेश होकर तथा नहा धोकर एवं नाश्ता आदि करके ही जा सकता हूँ। इस पर मैं अपने रूम में वापस आया और धरने के संयोजक श्रवण कुमार निराला से बात करने की कोशिश की परंतु उसका मोबाइल बंद पाया। मुझे कुछ गड़बड़ होने की आशंका हुई और मैंने अपनी फेसबुक पर लगभग 07.15 बजे पोस्ट लिखी– "मैं कल गोरखपुर अंबेडकर जन मोर्चा की तरफ से दलित एवं नागरिक अधिकार के मुद्दों को लेकर आयोजित जनसभा में भाग लेने के लिए आया था तथा सभा बिल्कुल शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई थी, आज सुबह गोरखपुर की पुलिस मुझे थाने पर ले जाने के लिए आई है।" इस पर हमारी पार्टी आल इंडिया पीपुल्स फ्रन्ट के प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर ने तुरंत फेसबुक पर मेरी गिरफ्तारी के विरुद्ध पोस्ट डाल दी। इसके बाद नाश्ता आदि करके लगभग 08.30 बजे इन्स्पेक्टर मुझे थाना रामगढ़ ताल पर ले गए और मुझे वहाँ बैठा लिया गया। उसके बाद मुझे दो अन्य के साथ थाना कैंट ले जाया गया। वहाँ से शाम को अस्पताल में डाक्टरी के बाद मुझे तथा अन्य आठ लोगों को गोरखपुर जेल भेज दिया गया। हम लोग जेल में लगभग 1.30 बजे बैरेक में दाखिल हो सके परंतु उस दिन सारा दिन खाने को कुछ नहीं मिला। जैसाकि स्पष्ट है कि मेरी गिरफ्तारी प्रातरू 8.15 बजे रामा होटल से की गई थी परंतु पुलिस के कागजों में मेरी गिरफ्तारी शाम को 4 बजे रेलवे बस स्टैंड से दिखाई गई है। अगले दिन दिनांक 12 अक्तूबर को समाचार पत्र के माध्यम से हमें पता चला कि हम लोगों के विरुद्ध थाना कैंट में दिनांक 11 अक्तूबर को मुकदमा अपराध संख्या 717/2023 धारा 147, 188, 342, 332, 353, 504, 506, 307, 120 बी भाव दंव विव, धार 7 क्रिमिनल ला एमेंडमेंट एक्ट व धारा 3 लोक संपत्ति निवारण अधिनियम तथा 138 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है जिसमें 13 लोगों को नामजद किया गया तथा 10–15 अज्ञात आरोपी हैं। इसमें हमारे ऊपर बिना अनुमति के सभा करने, धारा 144 का उलंघन करने, सरकारी कर्मचारी के कार्य में बाधा डालने, चोट पहुँचाने तथा धमकाने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचाने, साजिश करने तथा विद्युत चोरी करने का आरोप लगाया गया है। हमारे ऊपर लगाए गए आरोप बिल्कुल फर्जी एवं निराधार हैं जैसाकि निम्नलिखित विश्लेषण से स्पष्ट हैरू– बिना अनुमति के मीटिंग करना– आयोजक श्रवण कुमार निराला द्वारा अनुमति हेतु काफी दिन पूर्व प्रार्थना पत्र दिया गया था तथा वह अधिकारियों से व्यक्तिगत तौर पर मिला भी था जिस पर अधिकारियों ने उसे पूरी व्यवस्था करने का मौखिक आश्वासन दिया था। मीटिंग के दिन प्रातः 9 बजे से सभास्थल पर शामियाना आदि लगना शुरू हो गया था परंतु इस पर किसी भी अधिकारी द्वारा कोई आपत्ति नहीं की गई थी। उसके बाद 11 बजे से शाम तक सारा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से चलता रहा और पुलिस फोर्स एवं अधिकारी वहाँ उपस्थित रहे तथा किसी ने भी उस पर आपत्ति नहीं की। शाम 9 बजे जिलाधिकारी मौके पर आए और उसने ज्ञापन प्राप्त किया तथा भूमि आवंटन की मांग उचित बताते हुए एक कमेटी बनाने का आश्वासन दिया तथा धरने को समाप्त कराया। यह देखने की बात है की यदि धरना बिना अनुमति के था तो प्रशासन ने उसे शुरू में ही रोका क्यों नहीं और जिलाधिकारी ने मौके पर आ कर ज्ञापन क्यों लिया और कमेटी बनाने का आश्वासन क्यों दिया?बजली चोरी का आरोप– यह सरासर फर्जी एवं निराधार है क्योंकि वहाँ पर किसी भी प्रकार से बिजली का कनेक्शन लेना संभव नहीं था।

## पाकिस्तान में आठ फरवरी को होगा आम चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आम चुनाव की तारीख को लेकर जारी कयासबाजी पर राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने विराम लगाते हुए आठ फरवरी को मतदान कराने की तारीख को मंजूरी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी से मुलाकात की। इसके बाद तिथि की घोषणा की गई। इसके साथ ही देश में आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता खत्म हो गई है। इससे पहले निर्वाचन आयोग के वकील ने शीर्ष कोर्ट से कहा था कि 11 फरवरी को चुनाव कराए जाएंगे।

## अमेरिका ने तुर्किये, चीन और यूएई की कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की सहायता रोकने के लिए अमेरिका ने तुर्किये, चीन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की 130 कंपनियों और लोगों पर गुरुवार को प्रतिबंध लगा दिया। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने कहा है कि तुर्किये के नागरिक बर्क तुर्केन और उनकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। बर्क पर रूसी खुफिया विभाग से संबंध रखने का आरोप है। इसके अलावा चीन और संयुक्त अरब अमीरात की कई कंपनियों पर कथित तौर पर विमानन उपकरण और मशीनें आदि भेजने का आरोप है। इसलिए इनके खिलाफ भी प्रतिबंध लगाए गए हैं।

## कुलभूषण मामले में लागू नहीं होता पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में बंद मौत की सजा पाए भारत के कुलभूषण जाधव पर वहां की सुप्रीम कोर्ट का फैसला लागू नहीं होता। पाकिस्तान ने कहा कि सैन्य अधिकारियों को आम लोगों पर मुकदमा चलाने से रोकने संबंधी उच्चतम न्यायालय का फैसला भारतीय कैदी कुलभूषण जाधव के मामले में लागू नहीं हो सकता, जिन्हें मौत की सजा सुनाई गई है। शीर्ष अदालत ने 23 अक्टूबर को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए नौ मई की हिंसा के बाद गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ सैन्य मुकदमे को अमान्य घोषित कर दिया था। विदेश विभाग की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच से जब 53 वर्षीय जाधव के मामले पर इस फैसले के असर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया कि मुझे इस मामले में हमारी कानूनी टीम से पूछना पड़ेगा। लेकिन जहां तक मुझे जानकारी है, यह अलग मसला है। वहीं मुमताज जहरा ने आगे कहा कि यह एक ऐसे व्यक्ति से संबंधित है जो भारतीय नौसेना का सेवारत अधिकारी था। उन्होंने कहा कि कुलभूषण को जो सजा दी गई है, वह विदेशी एजेंट द्वारा की जाने वाले जासूसी से संबंधित पाकिस्तान के कानून के ही अनुरूप है और सही है। बता दें कि अप्रैल 2017 में कथित जासूसी और आतंक फैलाने के आरोप में जाधव को पाकिस्तानी सैन्य कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी।



## कब्र में दबे शख्स के शव को बाहर निकालकर लगाई आग, वजह जानकर कांप जाएगी रूह

**सेनेगल।** पश्चिम अफ्रीका के सेनेगल से रौंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां मानवता की सारी हदें पार कर दी गईं। 21वीं सदी में भी ऐसी घटना का सामने आना बड़ा ही खौफनाक है। दरअसल, यहां भीड़ ने एक व्यक्ति के शव को कब्र से निकालकर सार्वजनिक रूप से आग लगाने की घटना को सिर्फ इसलिए अंजाम दिया क्योंकि उसके समलैंगिक होने की बात सामने आई थी। पुलिस ने चार संदिग्ध मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में साफ है कि घटनास्थल के आसपास सैकड़ों लोगों की भीड़ है।31 वर्षीय शेख फॉल के शव को शाम को सेनेगल के काओलैकमें लियोना नियासेन कब्रिस्तान में दफनाया गया था। पहले परिवार ने तौबा में दफनाने की कोशिश की, लेकिन अधिकारियों ने व्यक्ति को उसके गृहनगर में दफनाने से इनकार कर दिया क्योंकि वह समलैंगिक था। उसके बाद परिवार ने फॉल के शव को चुपचाप पास के एक कब्रिस्तान में दफना दिया। हालांकि, एक दिन भी नहीं बीता कि भीड़ ने बवाल मचा दिया। भीड़ ने व्यक्ति के शव को पहले कब्र से निकाला और उसमें सार्वजनिक रूप से आग लगा दी।

# हमास-इजराइल युद्ध की लपटें हुई और तेज

## अब गाजा पर मंडरा रहे अमेरिकी ड्रोन, हिजबुल्लाह के साथ आया रूस का वैगनर समूह

**वाशिंगटन/यरुशलम/तेल अवीव।** फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास और इजराइल के बीच छिड़ा युद्ध आज (शुक्रवार) 28वें दिन में प्रवेश कर गया। इस घमासान में दोनों पक्षों को भारी क्षति हुई है। इस बीच गाजा में अमेरिका के मानवरहित ड्रोन की बढ़ती हलचल और रूस के वैगनर समूह के आतंकी समूह हिजबुल्लाह को सैन्य सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा से युद्ध के लंबा खिंचने की आशंका प्रबल हो गई है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

हालांकि यह कहा गया है कि अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन अपने बंधक बनाए गए नागरिकों का पता लगाने के लिए गाजा के ऊपर उड़ान भर रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने वाशिंगटन में कहा कि करीब एक सप्ताह से ड्रोन से निगरानी की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि 10 अमेरिकी नागरिकों का अब तक पता नहीं चल पाया है। संभावना है कि इनको हमास ने अपनी सुरंग में कैद कर रखा है। गाजा में 200 से अधिक लोग बंधक हैं।

अमेरिकी ड्रोन का निगरानी अभियान दक्षिणी गाजा में केंद्रित हैं। यह स्थान उत्तर में कहर बरपा रही इजराइली सेना से लगभग 15 मील दूर है। ड्रोन उड़ान पर नजर रखने वालीं विमानन शोधकर्ता अमेलिया स्मिथ के अनुसार इस प्रयास में कम से कम छह अलग-अलग एमक्यू-9 रीपर शामिल हैं। यह 24,000 से 26,000 फीट की ऊंचाई पर लगभग तीन घंटे तक गाजा में निगरानी करते हैं।



एमक्यू-9 को अमेरिकी वायुसेना के पहले 'शिकारी-हत्यारे' ड्रोन के रूप में डिजाइन किया गया था। एक समय में 20 घंटे से अधिक समय तक एक क्षेत्र के ऊपर मंडराने की क्षमता के कारण इसका उपयोग मुख्य रूप से निगरानी अभियान के लिए किया जाता है। इसका इस्तेमाल इराक, अफगानिस्तान और सीरिया में हवाई हमले करने और खुफिया जानकारी एकत्र करने के लिए किया जा चुका है।

इस बीच इजराइल के सुरक्षाबलों ने लेबनान से सतह से हवा में मार करने वाली हिजबुल्लाह की मिसाइल को मार गिराया है। सुरक्षाबलों ने जेनिन में बमबारी की है। उधर, दावा किया गया है कि उत्तरी इराक के हरीर सैन्य अड्डे पर एक ड्रोन को मार गिराया गया है। गाजा में छिड़े युद्ध के बीच अमेरिकी खुफिया विभाग को पता चला है कि लेबनान के मिलिशिया समूह की इजराइल के साथ झड़प के बाद रूस का वैगनर समूह हिजबुल्लाह को एक वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली देने की तैयारी कर रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्हाइट हाउस में चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक के साथ बैठक में अपना रुख फिर स्पष्ट किया। उन्होंने हमास आतंकवादियों के खिलाफ गाजा में चल रहे जमीनी हमले में इजराइल के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इजराइल को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुरूप खुद की रक्षा करने का अधिकार है। अमेरिका उनके साथ इस युद्ध में खड़ा रहेगा।

## राष्ट्रपति के आममाफी के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने पलटा, हत्यारोपित गिरफ्तार

**काठमांडू।** हत्या की सजा पाने वाले एक मुजरिम को आममाफी दिए जाने वाले नेपाल के राष्ट्रपति के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया है। कोर्ट ने गुरुवार को एक याचिका पर फैसला सुनाते हुए राष्ट्रपति के आममाफी पाने वाले आरोपित को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजने का आदेश दिया है। आदेश के एक घंटे के अंदर ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। दरअसल, नेपाल में हर वर्ष कुछ विशेष अवसर पर सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति के ओर से सजायाफ्ता मुजरिमों को आममाफी दिए जाने का प्रचलन है। इस बार भी सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने एक हत्या के मामले में जेल की सजा काट रहे योगेश ढकाल रिगल को आममाफी दे दी थी। योगेश ढकाल को सत्तापक्ष नेपाली कांग्रेस से जुड़े होने के कारण सरकार ने आममाफी देने की सिफारिश की थी। राष्ट्रपति के आममाफी के फैसले खिलाफ मृतक के परिजन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर लगातार सुनवाई के बाद गुरुवार को कोर्ट की पूर्ण बेंच ने राष्ट्रपति के आममाफी के फैसले को गलत करार देते हुए रिगल को तत्काल गिरफ्तार करने का आदेश दिया है।



कोर्ट के फैसले के एक घंटे के भीतर ही रिगल को पुलिस ने नेपालगंज में उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में राष्ट्रपति के आममाफी को कानून और संविधान की भावना के विपरीत होने की टिप्पणी की है।

## 'यह हमारे अस्तित्व की लड़ाई है', इस्राइल ने युद्धविराम से किया इनकार; तेल अवीव पहुंचे ब्लिंकन

**तेल अवीव।** इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध के बीच इस्राइल के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि यह लड़ाई आत्मरक्षा की लड़ाई है और हमास के खत्म होने तक यह जारी रहेगी। इस्राइल ने कहा कि अगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो हमास हम पर एक के बाद एक बर्बर हमले करता रहेगा। हमास के एक शीर्ष नेता की धमकी के बाद इस्राइल सरकार का यह बयान सामने आया है। इस्राइली विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लियोर हयात ने कहा कि यह हमास के बर्बर हमले के बाद आत्मरक्षा में शुरू हुई लड़ाई है। इस्राइल का उद्देश्य गाजा पट्टी से हमास के नियंत्रण को खत्म करना है। हयात ने कहा 7 अक्तूबर को हमने हमास के खिलाफ युद्ध छेड़ा। यह बर्बर हमले के बाद आत्मरक्षा की लड़ाई है। हमास का खात्मा अब हमारे लिए अस्तित्व की लड़ाई है।हयात ने कहा कि 'अगर हमने ऐसा नहीं किया तो हमास एक के बाद एक हमलों को अंजाम देते रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमास की राजनीतिक शाखा के सदस्य



नरसंहार की घटनाओं को अंजाम देता रहेगा। ये हम नहीं कह रहे हैं बल्कि हमास के नेतृत्व ने ये बात कही है कि वह 7 अक्तूबर जैसे नरसंहार को अंजाम देते रहेंगे।' उल्लेखनीय है कि हमास के एक शीर्ष नेता ने 7 अक्तूबर को किए गए इस्राइल पर हमले की तारीफ की और कहा कि अगर मौका मिला तो वह जब तक इस्राइल का सफाया नहीं हो जाता तब तक फिर से ऐसे गाजी हमाद ने एक लेबनानी टेलीविजन चैनल के साथ बातचीत में यह बात कही है। इंटरव्यू के दौरान हमाद ने कहा कि इस्राइल एक ऐसा देश है, जिसकी हमारी धरती पर कोई जगह नहीं है। हमें इसे खत्म करना होगा क्योंकि यह अरब और इस्लामिक देशों के लिए राजनीतिक, सैन्य और सुरक्षा संबंधी तबाही ला सकता है और हमें इसे कहने में कोई शर्म नहीं है।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री अगले हफ्ते आएंगे भारत, रक्षा क्षेत्र में आद्योगिक सहयोग पर होगी चर्चा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड जे ऑस्टिन हिंद-प्रशांत क्षेत्र की अपनी नौवीं आधिकारिक यात्रा के तहत अगले सप्ताह भारत आएंगे। अपनी भारत यात्रा के बाद, ऑस्टिन दक्षिण कोरिया और इंडोनेशिया भी जाएंगे। भारत में, वह अपने समकक्ष, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलेंगे और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ पांचवीं 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में भाग लेंगे। मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद ब्लिंकन और ऑस्टिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। अमेरिकी रक्षा विभाग के बयान के अनुसार हिंद-प्रशांत क्षेत्र की अपनी नौवीं आधिकारिक यात्रा के हिस्से के रूप में रक्षा मंत्री ऑस्टिन अपने समकक्ष रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलने के लिए भारत की यात्रा करेंगे। इस दौरान रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने और भारत-अमेरिका रक्षा त्वरण पारिस्थितिकी तंत्र (आईएनडीयूएस-एक्स) के माध्यम से नवाचार को आगे बढ़ाने पर चर्चा की जाएगी। विदेश मंत्री एंटनी जे ब्लिंकन और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के साथ ये दोनों पांचवीं 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में भी भाग लेंगे। मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद ब्लिंकन और ऑस्टिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। बयान के अनुसार, 'रक्षा मंत्री ऑस्टिन इसके बाद राष्ट्रीय रक्षा मंत्री शिन वोनसिक और दक्षिण कोरिया के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक के लिए दक्षिण कोरिया जाएंगे, इनमें 55वीं वार्षिक सुरक्षा सलाहकार बैठक और पहली आरओके-संयुक्त राष्ट्र कमान सदस्य देश रक्षा मंत्री स्तरीय बैठक शामिल है। वह कोरियाई प्रायद्वीप में अमेरिकी सैन्य कमांडरों और सेवा सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे और दक्षिण कोरिया के प्रति अमेरिका की विस्तारित प्रतिरोधक प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे।' दक्षिण कोरिया की अपनी यात्रा के दौरान, ऑस्टिन उन सैनिकों से मुलाकात करके वेटरंस डे भी मनाएंगे, जिनकी सेवा और बलिदान ने शांति और सुरक्षा स्थापित करने में योगदान दिया है। इसके बाद रक्षा मंत्री ऑस्टिन 10वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक (एडीएमएम)-प्लस के लिए इंडोनेशिया जाएंगे। जकार्ता में रहते हुए, वह आसियान-अमेरिका सुरक्षा सहयोग का विस्तार करने के अवसरों पर चर्चा करने के लिए आसियान-संयुक्त राज्य अमेरिका अनौपचारिक बैठक आयोजित करेंगे। यह बैठक आसियान-अमेरिका संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी में अपग्रेड करने के एक साल बाद आयोजित किया जाएगा।

## इस्राइल-हमास युद्ध के बीच जर्मनी का बड़ा एलान, आतंकवादी समूह पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध

**इस्लामाबाद।** इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध को करीब एक महीने होने जा रहा है। इस जंग के थमने के आसार दूर दूर तक नहीं दिखाई दे रहे हैं। अभी तक 10 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच, जर्मनी ने हमास की गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है और यहूदी विरोधी विचारों को फैलाने के लिए फलस्तीन समर्थक समूह को भंग करने का आदेश दिया है। जर्मनी की गृह मंत्री नैंसी फेजर ने गुरुवार को कहा कि हमास के समर्थन में निकाली जाने वाली रैलियों और किसी भी तरह के हमास समर्थन गतिविधियों पर औपचारिक प्रतिबंध लागू कर दिया है। जर्मनी पहले से ही हमास को आतंकवादी संगठन मानता है। उन्होंने कहा कि हमास और आतंकवादी संगठन की गतिविधियों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है, जिसका मकसद इस्राइल को नष्ट करना है। वहीं, जर्मनी के इस फैसले पर लेबनान में हमास के एक अधिकारी ने कहा कि इस कदम से पता चलता है कि जर्मनी, फलस्तीनी लोगों के खिलाफ हो रहे अपराधों में इस्राइल के साथ है। लेबनान में हमास के प्रतिनिधि ओसामा हमदान ने कहा, 'हमें यह सवाल करने के लिए प्रेरित करता है कि क्या जर्मन राजनीतिक मानसिकता एक नरसंहार मानसिकता है, जो किसी एक पार्टी या प्रतिनिधि को नहीं बल्कि सभी लोगों को प्रभावित करती है।'

## नेपाल में सत्तापक्ष व विपक्ष की कम्युनिस्ट पार्टियों में जनयुद्ध दिवस मनाने को लेकर तकरार

**काठमांडू।** माओवादियों के सशस्त्र विद्रोह के दिन 14 फरवरी को सरकारी अवकाश घोषित करने के निर्णय पर सत्तापक्ष और विपक्ष की कम्युनिस्ट पार्टियों के बीच मतभेद पैदा हो गया है। जनयुद्ध शुरू होने के प्रथम दिन को सत्तारूढ़ नेकपा (माओवादी) के राष्ट्रीय अवकाश देने के फैसले का विपक्षी नेकपा (एमाले) ने विरोध किया है।

संसद में इस मुद्दे पर दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों के नेताओं में तीखी बहस हुई। प्रमुख विपक्षी दल नेकपा (एमाले) के उपाध्यक्ष विष्णु पौडेल ने कहा कि माओवादियों द्वारा शुरू किए गए खूनी खेल को जनयुद्ध दिवस के रूप में नहीं मनाया जाना चाहिए। जिस दिन को नेपाली जनता का खून बहाया गया था, जिस दिन आम निर्दोष जनता की हत्या की शुरुआत की गई थी, उस दिन को उत्सव के रूप में मनाना जनता का अपमान होगा। नेकपा (एमाले) ने जनयुद्ध दिवस पर





राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा और उस दिन को उत्सव के रूप में सरकारी आयोजन का विरोध किया है।

विपक्ष के इस विरोध पर सत्तारूढ़ नेकपा (माओवादी) के उप-महासचिव वर्षमान पुन ने कहा कि जनयुद्ध दिवस मनाने का फैसला उस समय किया गया था जब माओवादी और एमाले की सरकार थी, लेकिन आज एक साल बाद विपक्ष में बैठने पर एमाले द्वारा इसका विरोध करना अनुचित है।

उन्होंने कहा कि जनयुद्ध दिवस उन लोगों को सम्मान देने के लिए है जिन्होंने अपने अधिकार और पहचान की रक्षा के लिए अपनी कुर्बानी दी है। पुन ने कहा कि देश में आए गणतंत्र और संघीय व्यवस्था से लेकर समानुपातिक प्रणाली तथा पिछड़े वर्गों का अधिकार उसी जनयुद्ध के कारण मिला है।

नेपाल सरकार ने पिछली बार 14 फरवरी को जनयुद्ध दिवस मनाने का फैसला किया था। उस समय विपक्ष में रही नेपाली कांग्रेस ने इसका विरोध किया था, लेकिन इस बार नेपाली कांग्रेस सत्तारूढ़ है, जबकि पिछली बार नेकपा (एमाले) सत्तारूढ़ थी और आज वो विपक्षी दल है। हालांकि सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस का एक धड़ा जनयुद्ध दिवस मनाने के खिलाफ है।

## पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की मुश्किलें बढ़ीं, अब अदालत ने पार्क लेन मामले में तलब किया

**न्यूयॉर्क ।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस्लामाबाद की एक अदालत ने गुरुवार को भ्रष्टाचार के आरोपों के सिलसिले में उन्हें पेश होने का आदेश दिया है।

**पार्क लेन मामले में पेशी**

न्यायाधीश मोहम्मद बशीर ने पूर्व राष्ट्रपति को पार्क लेन मामले में तलब किया है। इससे पहले उन्हें बुधवार को थाट्टा जलापूर्ति भ्रष्टाचार मामले में तलब किया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीडीएम गठबंधन सरकार द्वारा राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश (एनएओ) में किए गए संशोधनों के कारण थाटा जल आपूर्ति भ्रष्टाचार मामला जवाबदेही अदालतों से स्थानांतरित किए गए दर्जनों मामलों में से एक था। इन संशोधनों को उच्चतम न्यायालय ने 15 सितंबर को खारिज कर दिया था।



**यह है मामला-** वर्ष 2020 में, राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने जरदारी, गिलानी और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पूर्व प्रधानमंत्री गिलानी पर आरोप है कि उन्होंने विदेशी मेहमानों द्वारा उपहार के रूप में भेंट की गई तीन लक्जरी गाड़ियों को जरदारी और नवाज शरीफ को अपने पास रखने की अनुमति देकर उन्हें अनुचित लाभ पहुंचाया। एनएबी ने दावा किया है कि गिलानी ने नेताओं को लाभ पहुंचाने के लिए तोशाखाना में उपहार जमा करने से संबंधित प्रक्रियाओं में ढील दी और अपने व्यक्तिगत लाभ और हित के लिए अवैध तरीकों से मामूली भुगतान पर वाहनों को उनके पास रखने दिया। इसी अदालत ने रेंटल पावर प्रोजेक्ट्स (आरपीपी) भ्रष्टाचार मामलों में संदिग्धों को तलब किया।

**न्यायाधीश का सख्त रुख**

सुनवाई के दौरान पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री राजा परवेज अशरफ के वकील तबरेज अदालत में पेश हुए। जब न्यायाधीश ने उन्हें अशरफ और अन्य संदिग्धों को बरी करने के लिए लंबित याचिका पर बहस शुरू करने के लिए कहा, तो तबरेज ने जोर देकर कहा कि बहस करना व्यर्थ रहेगा क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों को फैसला सुनाने से रोक दिया है। इस पर न्यायाधीश मोहम्मद बशीर ने समन जारी किया और जोर देकर कहा कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश केवल अंतिम फैसले पर रोक लगाता है न कि कार्यवाही पर।

**20 दिसंबर को होना है पेश**

एक रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने जरदारी के साथ इकबाल खान नूरी, मोहम्मद इकबाल, ख्वाजा अनवर मजीद, अब्दुल गनी मजीद, एम फारूक अब्दुल्ला, यूनिस कदवई, हुसैन लवाई और अन्य के साथ पेश होने के लिए 20 दिसंबर की तारीख तय की है। जरदारी पर पार्थेनॉन प्राइवेट लिमिटेड और पार्क लेन एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड समेत अन्य को कर्ज देने और उनके गबन में शामिल होने का आरोप है।

## एक साल में करीब 97 हजार भारतीय अवैध रूप से अमेरिका पहुंचे, यूएस की सीमा सुरक्षा एजेंसी का दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कस्टम और सीमा सुरक्षा के आंकड़ों के अनुसार, अक्तूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच 96,917 भारतीयों ने अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश किया है। आंकड़ों के अनुसार, अवैध रूप से अमेरिका में दाखिल होते पकड़े गए भारतीयों की संख्या पिछले साल बढ़कर पांच गुना हो गई है। साल 2019-20 में 19,883 भारतीय अवैध रूप से अमेरिका की सीमा में प्रवेश करते हुए पकड़े गए।

वहीं साल 2020-21 में ये आंकड़ा 30,662 और 2021-22 में 63,927 रहा। अक्तूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच यह आंकड़ा बढ़कर 96,917 हो गया है। बीते साल पकड़े गए कुल लोगों में से 30,010 कनाडा सीमा पर और 41,770 मैक्सिको बॉर्डर से पकड़े गए हैं। पकड़े भारतीयों को चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है, जिनमें नाबालिग के साथ, परिवार के सदस्य, एकल व्यस्क और बच्चों के साथ जैसी श्रेणियां शामिल हैं। पकड़े गए लोगों में सबसे ज्यादा संख्या एकल व्यस्कों की है।

अमेरिका के सीनेटर जेम्स लैंकफोर्ड ने बड़ी तादाद में लोगों के अवैध रूप से अमेरिका आने पर चिंता जाहिर की। लैंकफोर्ड ने कहा कि लोग कई फ्लाइट्स बदलकर मैक्सिको पहुंचते हैं और फिर वहां के गिरोह उन्हें अवैध रूप से अमेरिका में दाखिल कराते हैं। उन्होंने कहा कि दुनियाभर से लोग अवैध तरीके से अमेरिका आकर हमारे सिस्टम का शोषण कर रहे हैं और इसे नियंत्रित करने के लिए नीति बनानी बेहद जरूरी है।

# भारती सिंह

## के बेटे गोला ने फाइनली कहा मम्मा, कॉमेडियन बोलीं- जब मैं बाहर से आती हूं...



कॉमेडियन भारती सिंह अपने टैलेंट से फैंस को हमेशा इंप्रेस करती हैं. वो यूट्यूब पर भी लगातार एक्टिव रहती हैं. भारती अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स यूट्यूब के जरिए देती हैं. व्लॉग्स में वो बेटे गोला डे रुटीन की झलक दिखाती रहती हैं. अब उन्होंने एक व्लॉग शेयर किया है और बताया कि उनके बेटे गोला ने फाइनली मम्मा बोला. दरअसल, भारती और हर्ष का बेटा गोला हमेशा पापा ही बोलता है. भारती जितनी बार भी उसे मम्मी बोलने के लिए कहती वो उतना ही पापा बोलता नजर आता था. भारती लंबे समय से गोला के मम्मा बोलने का इंतजार कर रही थीं और अब उनका इंतजार खत्म हो गया है.

**गोला ने भारती को बोला मम्मा**

व्लॉग में हर्ष बता रहे हैं कि वो शॉपिंग के लिए जा रहे हैं. भारती और हर्ष गाड़ी में मस्ती करते नजर आते हैं. इसके बाद भारती बताती हैं कि गोला ने पिछले कुछ दिनों से मम्मी बोलना शुरू कर दिया है.भारती कहती हैं- जब मैं



बाहर से आती हूं और कहती हूं गोले तो वो बोलता है मम्मा. इसके बाद वो गोला की तरफ कैमरा करती हैं तो वो मम्मा बोलता है. व्लॉग के कैप्शन में भी भारती ने लिखा- आखिरा गोला ने मम्मा बोल दिया.

इसके बाद भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया मॉल में नजर आते हैं. वो यहां पर शॉपिंग करते हैं और फिर गोला के वेक्सिनेशन के लिए हॉस्पिटल जाते हैं.

भारती के काम पर नजर डालें तो उन्होंने अपनी जर्नी स्टैंडअप कॉमेडियन के तौर पर शुरू की. भारती को द कपिल शर्मा शो में भी देखा जाता है. इसके अलावा भारती अपने पति हर्ष के साथ रियलिटी शोज भी होस्ट करती हैं. टीवी के अलावा वो फिल्म 786, सनम रे और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आ चुकी हैं.

# सुष्मिता सेन

## ने किया जियाना को बर्थडे विश, इमोशनल पोस्ट लिखकर भतीजी पर ऐसे लुटाया प्यार



बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने अपनी भतीजी जियाना को उनके दूसरे जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर विश किया. एक्ट्रेस ने इंस्टा पर जियाना के साथ एक क्यूट वीडियो शेयर करते हुए भतीजी पर खूब प्यार लुटाया. जियाना, सुष्मिता के भाई राजीव सेन और टीवी एक्ट्रेस चारू असोपा की बेटी हैं.

**सुष्मिता सेन ने किया जियाना को बर्थडे विश**

बता दें कि सुष्मिता के भैया-भाभी ने एक-दूसरे से तलाक ले लिया है और अब दोनों ही जियाना की परवरिश कर रहे हैं. बुआ सुष्मिता ने एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें उनके और प्यारी ज़ियाना के बीच बेहद अच्छी बॉन्डिंग दिखाई दे रही है.

**इमोशनल पोस्ट लिखकर भतीजी पर ऐसे लुटाया प्यार**

सुष्मिता सेन और जियाना इस वीडियो में एक लॉन्ग ड्राइव का आनंद ले रहे हैं, कार के सनरूफ से अपना सिर बाहर निकालकर खड़े हैं, दोनों हवा का पूरा आनंद ले रहे हैं. इस वीडियो को अपलोड करते हुए, सुष्मिता सेन ने एक कैप्शन लिखा, जिसमें लिखा है, हैप्पी बर्थडे जियाना !!! आप हमेशा आगे बढ़ो और दुनिया पर राज करो. जियाना को दूसरा जन्मदिन मुबारक हो. भगवान आपको हमेशा अपना आशीर्वाद दें. भगवान तुम्हें हमेशा बेहतरीन आशीर्वाद दें. हम तुमसे बहुत प्यार करते हैं !!!

उन्होंने ये भी कहा, जब आप हमारी अगली ड्राइव के लिए तैयार हों तो मुझे बताएं...बुआ हमेशा तैयार !!! चारु असोपा इस खूबसूरत पोस्ट को देखकर बहुत खुश हुईं. सुष्मिता सेन ने जो वीडियो अपलोड किया है वह उनकी बेटी अलीसा के जन्मदिन का है. इस मौके पर फैंस ने भी नन्हीं जियाना को जन्मदिन



की शुभकामनाएं भी दीं.

## तीसरी बार दूल्हा बनने जा रहे अली मर्चेंट की शादी की रस्में शुरू, सामने आईं हल्दी सेरेमनी की तस्वीरें



एक्टर अली मर्चेंट को ये रिश्ता क्या कहलाता है और लॉकअप जैसे शोज के लिए जाना जाता है. अली इन दिनों हैप्पी स्पेस में हैं. वो जल्द शादी करने वाले हैं. उनकी वेडिंग फेस्टिविटीज शुरू हो गई हैं. एक्टर 2 नवंबर को लखनऊ में अंदलीब जैदी संग निकाह करेंगे.

**अली मर्चेंट की हल्दी सेरेमनी**

अली मर्चेंट की हल्दी सेरेमनी में क्लोज फ्रेंड्स और फैमिली मेंबर्स शामिल हुए.अली ने इस फंक्शन के लिए येलो कुर्ता और टोपी लगाए हैंडसम दिखे. अली हाथ में गजरा भी पहने दिखे. साथ ही गले में फूलों की माला भी पहनी हुई है. अली फैमिली संग पोज करते भी दिखे. अली के चेहरे की स्माइल देखते ही बनती है.

**बिग बॉस के घर में हुई थी पहली शादी**

बता दें कि ये अली की तीसरी शादी है. उनकी पहली शादी एक्ट्रेस सारा खान के साथ हुई थी. ये शादी खूब लाइमलाइट में रही थी. दरअसल, उन्होंने बिग बॉस के घर के अंदर सारा संग शादी की थी. लेकिन उनकी शादी ज्यादा चल नहीं पाई. वो बिग बॉस के घर से बाहर निकलने के 2 महीने बाद अलग हो गए.

**5 साल चली दूसरी शादी**

इसे बाद अली 2016 में दूसरी शादी की. ये शादी उन्होंने अनम मर्चेंट संग की. अनम संग उनकी शादी 5 साल तक चली. अब वो तीसरी शादी अंदलीब जैदी संग कर रहे हैं. अली ने कुछ समय पहले ही अपनी लव लाइफ के बारे में अनाउंसमेंट की थी. उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड अंदलीब को इंट्रोड्यूस किया था. अंदलीब मॉडल हैं. दोनों सोशल मीडिया के जरिए कनेक्ट हुए थे और हैदराबाद में फैशन शो में पहली बार मिले थे. अली ने सोशल मीडिया पर अपने प्रपोजल की फोटोज शेयर की थी. उन्होंने अंदलीब को दुबई में प्रपोज किया था. अली और अंदलीब बोट में नजर आ रहे हैं. इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा- उसने हां कहा.

## पहले टास्क में भिड़े मुनव्वर-नील, अंकिता हुई परेशान, बोलीं- बिग बॉस घर में खाना नहीं है

बिग बॉस 17 अब धीरे-धीरे इंटरेस्टिंग होने वाला है. शो में फाइनली टास्क होने वाला है. दो हफ्ते के बाद अब शो में टास्क होने वाला है. बिग बॉस ने पहला टास्क अनाउंस किया. ये टास्क राशन के लिए था. सभी घरवालों को अपने-अपने रूम्स के लिए राशन लेना था.इस टास्क के दौरान खूब हंगामा हुआ. सभी लड़ते-झगड़ते नजर आए. मुनव्वर और नील के बीच भी टास्क को लेकर झगड़ा हुआ. सभी घरवाले इधर से उधर भागते नजर आए.

टास्क के बीच बिग बॉस बोलते हैं- क्या हो गया है आप लोगों को. टास्क नहीं पता है क्या. मैं इस कार्य को आगे नहीं बढा रहा हूं और यहीं रोकता हूं. ये सुनकर सभी घरवाले उदास और परेशान हो जाते हैं. वीं अंकिता उदास होकर बोलती हैं बिग बॉस खाना नहीं है.शो का ये प्रोमो वीडियो कलर्स के सोशल मीडिया पर शेयर किया गया. उन्होंने कमेंट करके लिखा- सीजन के फर्स्ट राशन टास्क के खेल में, क्या सच में हो जाएंगे कंटेस्टेंट्स फेल?



बता दें कि शो में इन दिनों खानजादी और अभिषेक के बीच में रोमांस देखने को मिल रहा है. दोनों ज्यादा से ज्यादा समय एक-दूसरे के साथ बिता रहे हैं. अभिषेक, खानजादी के हाथ पर किस करते भी दिखे.

**ये कंटेस्टेंट हुए नॉमिनेट**

वहीं नॉमिनेशन टास्क में कई घरवाले एक-दूसरे से भिड़ते नजर आए. अंकिता और विक्की की सना के साथ जमकर बहस हुई. वहीं ऐश्वर्या शर्मा और नील भट्ट की भी अंकिता और विक्की के साथ लड़ाई हुई. बाबू भैया की मनस्वी के साथ झगड़ा हुआ. मनस्वी बाबू भैया के नॉमिनेशन से बहुत हर्ट हो जाती हैं और रोने लगती हैं.

# कार्यकर्ता की मेहनत से मिलेगी पार्टी को बिजय आर्य

## मोदी की सभा मे हजारो कार्यकर्ता होंगे शामिल




**दैनिक पुस्पाजलि टुडे**
गोहद, मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 8नवम्बर को चम्बल सम्भाग के मुख्यालय मुरैना में दोपहर 2बजे आयोजित विशाल जनसभा में गोहद बिधानसभा से हजारों की संख्या में शामिल होंगे कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने के लिए गोहद में चुनाव कार्यालय पर बिधानसभा प्रभारी अबधेश सिह कुशवाह, बिधानसभा सयोजक रामबाबू उपाध्याय, रमेश तोमर भगवान सिह बघेल कमल सिह तोमर लालसिह आर्य की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया गोहद बिधानसभा प्रत्याशी लालसिह आर्य ने कहा कि कार्यकर्ता को स्वयं लालसिह बनकर चुनाव लड़ना है गोहद बिधानसभा की जनता भाजपा को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने का मन बना चुकी है कार्यकर्ता को सजग प्रहरी की भूमिका का निर्वहन कर अपने बूथ की निगरानी करना है काग्रेस पार्टी भरम फैलाकर षड्यंत्र कर सत्ता हासिल करना चाहती है उनके द्वारा मुझे बदनाम किया जा रहा है झूठी अफवाह उठाकर भरम की स्थिति निर्मित की जा रही है सेक्टर प्रमुख ,बुथ स्तरीय कार्यकर्ता की जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए अपने बूथ पर ध्यान देना है उन्होंने कहा हम जीत रहे है हमे जीत का अंतर बड़ाने के लिए लगातार मेहनत करना है बिधानसभा सयोजक रामबाबू उपाध्याय ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी 8नवम्बर को मुरैना आगमन होगा जिसमें गोहद से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे

## नगर देवता अन्नामा देवी का उत्सव मनाया



**पुष्पाजंली टूडे**
बेंगलूरू। कर्नाटक रत्न अप्पू गलियारा बलगा नंदिनी लेआउट द्वारा नगर देवता अन्नामा देवी उत्सव एवं कर्नाटका राज्योत्सव मनाया गया, मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक गोपालया एवं विशिष्ट अतिथि महेंद्र मुणोत ने ध्वजारोहणकर देवी मां की विशेष पूजा अर्चना कर अन्नदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया ,संघ के लोकेश गौड़ा टी एवं विश्व आराध्य एवं अन्य सदस्यों ने अतिथियों को सम्मानित किया ।

# डाक मतपत्र विधानसभावार संधारित बॉक्स में रखने अधिकारी नियुक्त

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**
सतना विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन कार्य में लगे शासकीय सेवकों एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान 6 से 9 नवंबर तक चार सुविधा केंद्रों में किया जा रहा है। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना, व्यंकट क्रमांक-2 सतना, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धवारी सतना एवं शासकीय कन्या इंदिरा महाविद्यालय सतना के निर्धारित कक्षों में प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने मतदान उपरांत डाक मतपत्रों को जिला कोषालय स्थित स्ट्रांग रुम में विधानसभावार संधारित बॉक्स तक पहुंचाने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिये अधिकारियों की नियुक्ति की है। आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 चित्रकूट के लिये नायब तहसीलदार परमसुख बंसल, 62 रैगांव के लिये राजेंद्र मांझी, 63 सतना के लिये राजेश सिंह, 64 सतना के लिये तहसीलदार सौरभ मिश्रा, 65 मैहर के लिये नायब तहसीलदार प्रेमलाल चौधरी, 66 अमरपाटन के लिये उमाकांत मिश्रा एवं 67 रामपुर बघेलान के लिये नायब तहसीलदार बीरेंद्र सिंह की डयूटी लगाई गई है। नियुक्त अधिकारी सुविधा केंद्रों से मतपत्र संग्रहीत कर उसकी एक प्रति संबंधित विधानसभा के रिटर्निंग या सहायक रिटर्निंग अधिकारी को उसी दिन प्रदाय करना भी सुनिश्चित करेंगे। जिला कोषालय में विधानसभावार संधारित बॉक्स के प्रभारी अधिकारी नीरव दीक्षित (जिला शिक्षा अधिकारी) होंगे।

## आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जैतवारा थाना प्रभारी श्वेता मौर्य ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण




**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**
आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए थाना प्रभारी जैतवारा श्वेता मौर्य ने कोठारा दाढ़ी तोला किटहा नचनौरा आदि मतदान केंद्र का निरीक्षण कर मतदान केंद्र के व्यवस्थाओं का लिया जाएजा



# संत श्री आशारामजी आश्रम ट्रस्ट द्वारा दीपावली पर्व के निमित्त वृद्धाश्रम में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

**पुष्पाजंली टुडे**
**बेंगलुरु।** सिलिकान सिटी- बेंगलुरु के बनशंकरी में स्थित संत श्री आशारामजी आश्रम ट्रस्ट, बेंगलुरु द्वारा श्री साई प्रशांति ओल्ड ऐज होम, केम्पनाहल्ली, बेंगलुरु में दीपावली पर्व के निमित्त वृद्धजनों के लिए दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आश्रम ट्रस्ट द्वारा अवगत कराया गया की उनके पूज्य गुरुदेव संत श्री आशारामजी बापू से मिलें संस्कारों से प्रेरित होकर उनके साधक, समाजरूपी देवता की सेवा का एक भी मौका चूकते नहीं हैं। जहां लोग अपने घरों में दीपावली मनाते है, वहीं प्रतिवर्ष आशारामजी बापू के साधक जरूरतमंद क्षेत्रों में जाकर, उनकी दीपावली भी अच्छी बनें इसलिए आवश्यक सामग्री के वितरण कार्यक्रम करते हैं। परोपकाराय फलन्ति वृक्षाः, परोपकाराय वहन्ति नद्यः। परोपकाराय दुहन्ति गावः,



परोपकारार्थमिदं शरीरम् ॥ परोपकार के लिए वृक्ष फल देते हैं, नदीयाँ परोपकार के लिए ही बहती हैं और गाय परोपकार के लिए दूध देती हैं, (अर्थात) यह शरीर भी परोपकार के लिए ही है। पिछले 50+ सालों से अनवरत आज भी उनकी यह संत श्री आसारामजी आश्रम ट्रस्ट देश-समाज और संस्कृति के उत्थान का कार्य कर रही है। भारत की राष्ट्रीय एकता-अखंडता और विश्व शांति के लिए संत श्री आशारामजी बापू ने राष्ट्र के कल्याणार्थ अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्हीं की प्रेरणा से हर साल दीपावली पर देशभर में जगह-जगह पर अनगिनत सेवाकार्यों की फुलझड़ियाँ लगाई जाती हैं। भगवन्नाम संकीर्तन यात्राओं के साथ वृद्धाश्रमों, अनाथालयों व अस्पतालों में निःशुल्क औषधि, फल व मिठाई वितरित की जाती है। हजारों जरूरतमंद के लिए विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें मिठाई, कपड़े, खजूर, कम्बल, अनाज, चप्पल आदि सामग्री के साथ दक्षिणा इत्यादि दी जाती हैं।प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी संत आशारामजी बापू आश्रम ट्रस्ट, बेंगलुरु द्वारा दीपावली निमित्त श्री साई प्रशांति ओल्ड ऐज होम, केम्पनाहल्ली, बेंगलुरु में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिनमें वहां के वृद्धजनों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये, उन्हें ट्रस्ट के स्वयंसेवकों द्वारा जीवनोपयोगी कुंजियाँ भी बताई गई, कार्यक्रम के अंत में वृद्धजनों में भोजन- प्रसादी तथा उनकी संस्था (वृद्धाश्रम) में ट्रस्ट की तरड़ से राशनकिट, जीवनोपयोगी सामग्री आदि का वितरण किया गया।

## सशक्त लोकतंत्र की स्थापना में महती भूमिका निभाएं - कलेक्टर

# मतदाताओं को जागरूक करने हेतु साईकिल रैली का आयोजन किया गया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**भिण्ड ।** स्वीप गतिविधि के तहत् मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए उनके अधिकारों और जिम्मेदारी के बारे में शिक्षित करना है, बल्कि उन्हें चुनावी प्रक्रिया में अधिक से अधिक भागीदारी के लिए उत्साहित करना भी है। जिसके तहत् आज प्रातः 08 बजे भिण्ड जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने हेतु कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव एवं सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप प्लान के तहत् ) नबादा पार्क गोलाम्बर में आयोजित किया गया। जिसमें नबादा आम नागरिक, वकील, प्राचार्य, शिक्षक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहित होकर सहभागिता की। कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव द्वारा छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों को



प्रेरित कर कहा कि 17 नवम्बर 2023 को मतदान दिवस पर अधिक से अधिक मतदान करें और मतदान करने हेतु प्रेरित भी करें, अपने आस पड़ोसी तथा परिवार जनों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें एवं एक सशक्त लोकतंत्र की स्थापना में महती भूमिका निभाएं।मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप प्लान मनोज सरियाम द्वारा भी छात्र-छात्राओं तथा आम नागरिकोंको मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया तथा मतदान में भिण्ड जिले को नम्बर-1 पर लाने हेतुसभी को प्रयास करने के लिये प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भी ÷सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट करें÷ का नारा देते हुये उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, आम मतदाताओं का इस लोकतांत्रिक मतदान जागरूकता कार्यक्रम में स्वागत किया गया।मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सायकिल रैली में कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम, यूथ आईकॉन एवं युवा मार्गदर्शन राधेगोपाल यादव, जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर तथा छात्र-छात्राऐं मौजूद रहे। उक्त सायकिल रैली नबादा पार्क से प्रारम्भ होकर, मां बेटी चौराहा, पुस्तक बाजार, परेड चौराहा, गोल मार्केट, माधौगंज हाट, गौरी सरोवर होते हुये उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्र. 1 पर समाप्त हुई।

# आबकारी विभाग द्वारा मालनपुर में लगभग ? 7500 राशि की मदिरा जप्त

## जिले के विभिन्न होटल-ढाबों की सघन तलाशी की

भिंड विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जारी आचार संहिता के दौरान कलेक्टर भिण्ड संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं पंकज तिवारी जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में वृत्त गोहद अंतर्गत हाइवे किनारे स्थित विभिन्न होटल-ढाबों की सघन तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान शर्मा होटल मालनपुर में आरोपी अबधेश राजावत के कब्जे से



देशी मदिरा के 49 पाव, हंटर बियर की 26 कैन (धारिता 500 द्रव्य) जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)ए, का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आज जप्त की गयी मदिरा का अनुमानित मूल्य 7500/- रुपये है।आज की गई कार्यवाही में आ ा ब क ा र ी उपनिरीक्षक वृत्त गोहद हरेंद्र मावई, आरक्षक हरिओम शर्मा, ब्रजेश कुमार उपस्थित रहे।

## दीपावली के अवसर पर दीप महोत्सव एवं श्रीराम झाँकी का होगा भव्य आयोजन।

# दो लाख इक्यावन हजार दीपकों से रोशन होगा भगेली बहादुरपुरा का कालिका माता मंदिर

**उमाकान्त शर्मा**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
भिण्ड।जिले के सुप्रसिद्ध कालिका माता मंदिर भगेली बहादुरपुर पर छोटी दीपावली दिनांक 11/11/2023 के अवसर पर इस वर्ष दो लाख इक्यावन हजार दीपक लगाकर दीप महोत्सव एवं संगीतमयी श्रीराम झाँकी का आयोजन किया जा रहा है।वैसे तो प्रतिवर्ष यह दीप महोत्सव का आयोजन किया जाता था लेकिन इस वर्ष काफी ज्यादा संख्या में दीपक जलाकर यह उत्सव मनाया जाएगा।इस कार्यक्रम के आयोजक शिम्भू सिंह राजावत बहादुरपुरा जिनके अथक प्रयास से यह कार्यक्रम सफल होने जा रहा है।जिस प्रकार अयोध्या में श्रीराम के वनवास से वापस आने पर दीप जलाकर उनका स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया था उसी तर्ज पर भघेली बहादुरपुरा स्थित कालिका माता मंदिर पर दो लाख इक्यावन हजार दीप जलाकर दीप महोत्सव



मनाया जा रहा है।यह बात राजावत जी ने प्रेसवार्ता कर बताई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर महंत श्री रामदास जी महाराज तथा जिले के कई संतो का आगमन भी रहेगा।दीपयज्ञ एवं श्रीराम झाँकी महोत्सव में 11 बजे से 2 बजे तक सुंदरकांड पाठ,2 बजे से 5 बजे तक भजन गायन,शाम 5 बजे श्रीराम आरती एवं दीपयज्ञ होगा।भजन गायन के लिए प्रसिद्ध गायिका संजो बघेल द्वारा भजनों की प्रस्तुति की जाएगी।कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से कार्यक्रम आयोजक शिम्भू सिंह राजावत,समस्त कालिका मातारानी के भक्त, व समस्त जिलेवासी, समस्त ग्रामवासी बहादुरपुरा का सहयोग रहेगा। प्रेसवार्ता के दौरान कार्यक्रम आयोजक शिम्भू सिंह राजावत,उमाकान्त शर्मा पत्रकार, राजू सीरोठिया पत्रकार व समाजसेवी मुकेश दीक्षित, विपिन भारद्वाज अरुण भदौरिया फौजी,जंटसिंह भदौरिया मोनू राजावत आदि मौजूद रहे।

# अमोला घाटी पर चार दिन पहले व्यापारी से हुई लूट का खुलासा

**शिवपुरी** फरियादि दिनेश कुमार जैन पुत्र मिश्रीलाल जैन उम्र 40 साल निवासी न्यू ब्लॉंक शिवपुरी ने उपस्थित थाना आकर मौखिक रिपोर्ट कि थी कि कल दिनांक 31/10/23 को रात करीब 10:30 बजे मे करैरा से अपनी मोटर साईकिल एचएफ डीलक्स क्र. एमपी. 33 जेडसी 9285 से शिवपुरी जा रहा था जैसे ही अमोला घाटी के ऊपर आया तभी पीछे से दो मोटर साईकिलो से बदमास आये और साफी मे पत्थर बांधकर मेरे सिर मे मारा फिर चारो बदमाशो ने मेरी मोटर साईकिल , मेरा मोबाईल , मेरा पर्स उसमें रखे दो हजार रूपये व कागजात तथा मेरे बैग में रखी मोस्चर मशीन व इलेक्ट्रोनिक कांटा छीनकर ले गये फरियादी की रिपोर्ट पर अप.क्रं. 127/23 धारा 394 ता.हि. 11,13 एम.पी. डी.पी. के. एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुये आरोपियो की तत्काल पतारसी व गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई जिसमें थाना प्रभारी सुरवाया के साथ थाना प्रभारी सतनवाडा को भी लगाया गया पुलिस अधीक्षक महोदय रघुवंश सिंह भदौरिया के मार्ग दर्शन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय संजीव मुले व एसडीओपी महोदय करैरा शिवनारायण मुकाती के निर्देशन में दिनांक 5/11/2023 को पतारसी की गई तो मालूम पडा कि अपराध सदर की लूट करने वाले लडके खुटैला तिराहा पर पल्सर गाडी से खडे है तत्काल मौके पर थाना प्रभारी सुरवाया व थाना प्रभारी सतनवाडा की टीमो ने दबिश देकर वहाँ पल्सर गाडी से खडे दो लडको को कब्जे में लेकर पूछताछ की गई तो दोनो लडको ने दिनांक 31/10/2023 को दिनेश कुमार जैन के साथ की गई लूट करना




स्वीकार किया तथा अपने साथ घटना में दो अन्य लडके भी होना बताया दोनो आरोपीगणो ने घटना स्वीकार करते हुये घटना में लूटी गई एचएफ डीलक्स मोटर साईकिल क्र. एमपी 33 जेडसी 9285 व काला बैग जिसमें रखी मोस्चर मशीन व इलेक्ट्रोनिक तौल कांटा अपने कब्जे से बरामद कराया घटना में शामिल अन्य दो लडको की गिरफ्तारी होना शेष है उनके संभावित स्थानो पर गिरफ्तारी हेतु टीम भेजी गई है । उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी सुरवाया रामेन्द्र सिंह चौहान , थाना प्रभारी सतनवाडा राजकुमार चहार ,सउनि रामकुमार सिंह तोमर , सउनि नरेन्द्र यादव , प्रआर. 372 रविन्द्र बुन्देला , प्रआर. 409 हर्ष झा , आर. 625 दीपक मौर्य , आर. 1064 राजेन्द्र सिंह , आर. 51 जसपाल सिंह, आर.787 दर्शन सिंह , महिला आर. 754 गायत्री मुदगल ,आर.1103 उमेश लोधी, आर.521 शौरभ राजावत, आर. 1034 दीपक किरार, आर.1139 विनोज राठोर, आर.चालक 1137 प्रकाश अवास्या की अहम भूमिका रही ।

# 15 से 17 नवम्बर एवं 3 दिसम्बर को मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध

शिवपुरी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन-2023 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा आदेश जारी कर 15 नवम्बर की सांय 6 बजे से 17 नवम्बर को मतदान समाप्ति तक तथा 03 दिसम्बर को संपूर्ण दिवस के लिए मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है और 15 नवम्बर से 17 नवम्बर मतदान समाप्ति तथा 03 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित



किया गया है।कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश अनुसार शुष्क दिवसों में संपूर्ण जिले की परिसीमा में स्थित एवं संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफएल-2, 3, 6, 7, जिले में स्थित देशी, विदेशी मदिरा, मद्यभाडागार, वाइन आउटलेट दुकानें बंद रहेगी तथा उक्त अवधि में किसी भी प्रकार की मदिरा का धारण, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूर्णता प्रतिबंध रहेगा।

# पुलिस थाना गोपालपुर द्वारा धारा 307 के अपराध मे रिपोर्ट के कुछ ही समय मे आरोपी को किया गिरफ्तार

**शिवपुरी** पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया द्वारा विधान सभा के चुनावों के मद्देनजर क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा अवैध गतिविधियों एवं गंभीर अपराधों के खिलाफ जीरो टोलरेंस अपनाते हुये तुरंत कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है । जिसके पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले एवं एसडीओपी पोहरी सुजीत भदौरिया के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी गोपालपुर उनि. आर. एस. धाकड़ द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुये थाने के धारा 307 के अपराध मे तुरंत कार्यवाही करते हुये रिपोर्ट के कुछ ही घंटों मे आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता हांसिल की है ।घटना दिनांक 01.11.2023 को फरियादी मुकेश पुत्र मौजीलाल आदीवासी द्वारा रिपोर्ट किया गया था कि आरोपी घनश्याम पुत्र सुखलाल आदिवासी 25 साल निवासी टोड़ा थाना बैराड़, विनोद आदिवासी, धनीराम आदिवासी द्वारा फरियादी के भाई रघुवीर आदीवासी को गाली गलोच की एवं जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी से हमला किया जिससे फरियादी का भाई गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया है । उक्त रिपोर्ट पर से थाना गोपालपुर पर अपराध धारा 307 का कायम कर विवेचना मे लिया गया । थाना प्रभारी गोपालपुर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त किया एवं उक्त प्रकरण के आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये गये । थाना प्रभारी गोपालपुर द्वारा पुलिस टीमें बनाकर आरोपियों की संभावित जगहों पर सर्च किया गया । पुलिस द्वारा तत्काल एक्शन लेते हुये आरोपी घनश्याम पुत्र सुखलाल आदिवासी 25 साल निवासी टोड़ा थाना बैराड़ को गिरफ्तार किया है । अपराध मे अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं ।

# ग्वालियर में राजनाथ बोले- जहां राहुल पहुंचते हैं, वहां कट जाते हैं हम भाजपा वालों के राहु-केत



**ग्वालियर ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर के ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में स्थित हाथीखाना में सोमवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्र के लोगों से पूछा कि क्या आपके क्षेत्र में राहुल गांधी आए कि नहीं? जवाब मिला- नहीं। तो राजनाथ ने कहा- जिस क्षेत्र में हमारे राहू-केतु ग्रह खराब होते हैं, उस क्षेत्र में राहुल गांधी के आते ही सारे ग्रह भाजपा के अनुकूल हो जाते हैं।उन्होंने भाजपा प्रत्याशी से कहा कि अगर राहुल गांधी यहां नहीं आए हैं तो उन्हें कांग्रेस के प्रचार के लिए बुलाने की सलाह कांग्रेसियों को दे दो। राजनाथ सिंह ने कहा कि सूर्ययान और मंगलयान लांच होने वाले हैं। चंद्रयान चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर लांच हो चुका है, लेकिन कांग्रेस का राहुल यान राजनीति में अब तक लांच नहीं हो पा रहा है।भाजपा वालों के राहु-केतु

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास नीतियों के उल्लेख करते हुए कहा कि आज समूचे विश्व में भारत का डंक बज रहा है। वर्ष 2014 से पहले विश्व समुदाय हमारी बात को गंभीरता से नहीं लेता था। आज न केवल कान लगाकर सुनता है बल्कि हमें महत्व भी दिया जाता है। उन्होंने केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना के साथ प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभ गिनाए।

**चुनावी चिड़ियां भी आई हैं**-रक्षामंत्री ने बसपा, सपा और आप पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ चुनावी चिड़ियां दिल्ली व उत्तर प्रदेश से आएंगी और चुनाव होते ही उड़ जाएंगी। मोदी के खिलाफ राजनीतिक दल एक मंच पर तो आ गए हैं, लेकिन एक होकर चुनाव नहीं लड़ पा रहे हैं।

# जब भावुक महिला को चुप कराने सिंधिया ने लगाया गले और उनके भी निकल गए आंसू



**ग्वालियर.** सोमवार सुबह आंतरी भितरवार में चुनावी सभा के दौरान वह नजारा भी देखने को मिला जब एक भावुक महिला को चुप कराने के लिए न केवल केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को उसे गले लगाकर चुप कराना पड़ा, बल्कि उनकी आंखें भी नम हो गई। भ्रमण के दौरान पहली बार सिंधिया को इतना भावुक होते हुए किसी ने देखा है। इस वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है।ज्योतिरादित्य सिंधिया भितरवार विधानसभा क्षेत्र के आंतरी में चुनावी सभा करने के लिए पहुंचे। तभी गांव की एक महिला कन्हैया बाई उन्हें सुनने के लिए आई। इसी दौरान वे काफी भावुक हो गई और रोने लगी। सिंधिया ने पहले उन्हें साधारणतः चुप कराने का प्रयास किया। लेकिन उनका रोना बढ़ता गया। सिंधिया ने उन्हें गले लगा लिया और काफी समझाया। जब उनका रोना और बढ़ा तो वे कन्हैया बाई को चुप कराने के लिए जमीन पर बैठ गए।

# बाड़े पर हाकर्स जमे, वाहनों को दौलतगंज में रोका

**ग्वालियर ।** शहर के हृदय स्थल महाराज बाड़े पर धनतेरस से पहले ही हालात बिगड़ गए हैं। धनतेरस पर भी शाम के बाद ही चार पहिया वाहनों



का प्रवेश महाराज बाड़े पर रोका जाता था, लेकिन इस बार हाकर्स को सुविधा देने आम आदमी को ही ट्रैफिक पुलिस ने उलझा दिया। दौलतगंज से बैंड मार्केट की तरफ ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया, इससे वाहन चालकों को लंबा चक्कर लगाकर महाराज बाड़े तक जाना पड़ा। ऐसे में कई लोग तो बिना खरीदारी किए हुए ही लौट गए। इस व्यवस्था ने आम लोगों से लेकर कारोबारियों तक को नाराज किया। दीपावली से पहले रविवार के चलते लोग परिवार के साथ खरीदारी करने महाराज बाड़े जा रहे थे, लेकिन दिन में ही वाहनों को रोक दिया गया। महाराज बाड़ा, सराफा बाजार से लेकर आसपास के बाजारों के कारोबारियों का कहना था- हाकर्स की वजह से महाराज बाड़े पर ट्रैफिक ओवरलोड हुआ, यहां से चार पहिया वाहन नहीं निकल पा रहे। इन्हें हटाना चाहिए था, लेकिन इन्हें हटाने की जगह चार पहिया वाहन रोकने से पूरा कारोबार ही खराब कर दिया। अब यह होगी पार्किंग व्यवस्था गजराराजा स्कूल, पिछाड़ी डयोडी स्थित स्मार्ट सिटी की पार्किंग, हुजरात मार्केट, खुर्जे वाले मोहल्ले में स्थित पार्किंग में महाराज बाड़ा और आसपास के बाजारों में खरीदारी करने वाले लोगों को वाहन खड़े करने होंगे।

**पार्किंग और हाकर्स से घिरी सड़क, परिवार के साथ पहुंचना मुश्किल**-महाराज बाड़े पर दो पहिया वाहन की पार्किंग चलाने वाले ठेकेदार और हाकर्स ने सड़क घेर ली है। रविवार होने के चलते सरकारी विभागों में काम करने वाले अधिकारी, कर्मचारी और कंपनियों में काम करने वाले नौकरीपेशा लोग परिवार के साथ यहां खरीदारी करने पहुंचे थे, लेकिन यह लोग महाराज बाड़े तक पहुंच ही नहीं पाए। कारोबारियों ने बताया कि पहले धनतेरस पर ही शाम को चार पहिया वाहन रोके जाते थे, इसके बाद रात में भीड़ बढ़ने पर दो पहिया वाहन रोके जाते थे, लेकिन पिछली बार तो ऐसी व्यवस्था थी वाहन रोकने की जरूरत नहीं पड़ी थी। पहली बार ऐसा इंतजाम किया गया था, सड़क के दोनों तरफ मार्किंग कर हाकर्स लगने दिए गए थे,

# आईटीएमएस के स्पीड रडार कैमरों ने पकड़े भाग रहे 184 बदमाश

**ग्वालियर।** स्मार्ट सिटी के स्पीड रडार कैमरे अपराध कर भाग रहे बदमाशों को पकड़ने में मददगार साबित हो रहे हैं। कैमरों की मदद से अब तक 184 आपराधिक केस सुलझे हैं। इनमें लूट, अपहरण, हत्या, वाहन चोरी के मामले शामिल हैं। 400 संदिग्ध भी कैमरों की नजर से नहीं बच सके। शहर की 15 सड़कों पर लगे स्पीड रडार कैमरे अपराधियों की सबसे बड़ी कमजोरी और पुलिस के अनुसंधान की राह आसान कर रहे हैं। वारदात कर भागने की कोशिश करने पर कैमरे की जद में आने वाले अपराधियों की कुंडली पुलिस झट से तकनीकी मदद से हासिल कर गिरफ्तार कर पा रही है। खासकर वाहन चोर गिरोह, स्नैचर, अपहरण,



लूट के बदमाशों को पकड़ने में पुलिस को मदद मिली है। इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की मदद से 14 माह में यह आपराधिक केस ट्रेस हुए हैं। वारदात के बाद पुलिस द्वारा कैमरों की फुटेज खंगालने पर अपराध खुल सके। इस तरह के मामलों में पकड़े बदमाशः शहर में एक परिवार को बंधक बनाकर डकैती की वारदात हुई। बदमाशों ने रैकी और वारदात के बाद भागने के लिए आटो का इस्तेमाल किया। पुलिस ने कैमरों की फुटेज से आटो का नंबर ट्रेस किया और बदमाशों को पकड़ लिया। वहीं एक मामले में किशोरी के साथ हुई वारदात को भी पुलिस ने ट्रेस कर लिया।

स्पीड रडार कैमरे न केवल तेज रफ्तार वाहन चालकों को पकड़ रहे हैं बल्कि यह आपराधिक वारदात कर भागने वाले बदमाशों को भी पकड़ने में मदद कर रहे हैं। अब तक 184 केस सुलझे हैं।

# ग्वालियर में 500 असुरक्षित वोटर,27 हजार से ज्यादा वोटर को नोटिस, 29 फीसद बूथ क्रिटिकल



**ग्वालियर।** भारत निर्वाचन आयोग के शांतिपूर्ण-निष्पक्ष और सख्त तैयारियों के बीच ग्वालियर जिले ऐसे वोटर भी हैं जो असुरक्षित-कमजोर हैं। इनकी संख्या ग्वालियर में 500 है और यह सबसे ज्यादा ग्वालियर विधानसभा में हैं। दूसरी विधानसभाओं में इनका आंकड़ा भले ही दो अंको में है लेकिन ग्वालियर विधानसभा में संख्या 412 है। इनके ट्रीटमेंट के लिए तैयारियां की जा रही हैं। वहीं 27 हजार से ज्यादा ऐसे वोटर ग्वालियर के हैं जिनका वोट यहीं है घर यहीं है लेकिन बाहर नौकरी करने के कारण वोट नहीं डाल पाते हैं। ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया है जिससे वे अपना अमूल्य वोट डाल सकें और ग्वालियर के मतदान प्रतिशत को ताकत मिल सके। वहीं ग्वालियर में इस बार 29 प्रतिशत मतदान केंद्र क्रिटकल कैटेगरी में है जिसमें पूर्व विधानसभा सबसे आगे है। वहीं 31 ऐसे पाकेट व क्षेत्र हैं जो असुरक्षित हैं। नईदुनिया ने इस विधानसभा चुनाव की तैयारियों-चुनौतियां,बूथ से मतदाता को लेकर आंकड़ों का विश्लेषण किया है, इस रिपोर्ट में शामिल है।

# आमजन से पकड़े 1.93 करोड़ पर प्रत्याशी और इनसे जुड़े लोगों पर कार्रवाई शून्य




ग्वालियर (नप्र)। आचार संहिता लगे 27 दिन बीत चुके हैं। आचार संहिता लगने के बाद से ही 50 हजार रुपये अधिक रकम लेकर चलने वालों को पक?ने के लिए पुलिस से लेकर एफएसटी, एसएसटी टीमों में होड़ मची हुई है। अब तक 27 दिन में 1 करोड़ 93 लाख 97 हजार 20 रुपये अलग-अलग टीमों ने पकड़े.. यह रुपये जिनसे पकड़े, उनमें कोई कारोबारी था कोई किसान था और कोई पेट्रोल पंप या किसी कारोबारी के यहां काम करने वाला छोटा सा कर्मचारी। इनसे रुपये पक?कर खूब वाहवाही लूटी जा रही है, इंटरनेट मीडिया से लेकर अन्य प्लेटफार्म पर ब?ी कार्रवाई बताकर पुलिस और अन्य टीमें साबित कर रही हैं, उनकी चप्पे-चप्पे पर नजर है। जबकि हकीकत में जिन्हें 50 हजार रुपये से अधिक लेकर चलने पर पक?ना है, जिन पर निगरानी रखना है.. उन पर कार्रवाई शून्य है। आचार संहिता लगने के बाद सबसे ज्यादा निगरानी रखनी होती है चुनाव में उतरे प्रत्याशी और इनसे जुड़े लोगों पर, इन्हीं पर कार्रवाई करनी है.. लेकिन इन पर कार्रवाई एक भी नहीं हुई। अब तक पक? गए तो सिर्फ आम लोग।

# चार दिन बाद धनतेरस, आज से सराफा बाजार में हटेंगी गाडियां, शाम को कारोबारियों के साथ बैठक

ग्वालियर, । धनतेरस...दीपावली से पहले सबसे बड़ा त्योहार। धनतेरस पर सबसे ज्यादा खरीदारी सोना-चांदी के गहने और बर्तनों की होती है। इसलिए ग्वालियर के लश्कर, उपनगर ग्वालियर और मुरार स्थित सराफा बाजार में सबसे ज्यादा खरीदारों की भीड़ धनतेरस पर ही उमड़ती है। सुबह से देर रात और तड़के तक बाजार चलता है। यह ऐसा अवसर है, जिसका इंतजार कारोबारियों को पूरे साल रहता है। चार दिन बाद धनतेरस है, इसके चलते अब कारोबारियों ने तैयारी पूरी कर ली है। वहीं सड़क पर यातायात व्यवस्थित करने के लिए पुलिस अधिकारी सोमवार को बैठक करेंगे। सोमवार से ही सराफा बाजार में स्थाई रूप से खड़ी गाड़ियों को हटाई जाएगी।सराफा बाजार में स्थाई रूप से खड़ी गाड़ियां सबसे ज्यादा सड़क घेरती हैं। सड़क किनारे गाड़ी खड़ी रहती हैं। इसके बाद दुकानदार और दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों की गाड़ियां खड़ी रहती हैं। इससे यहां जाम लगता है। आधी से ज्यादा सड़क घिर जाती है। ऐसे में महज 10 से 15 फीट सड़क से ही पूरा ट्रैफिक निकलता है। इसलिए इन गाड़ियों को हटवाया जाएगा। सोमवार से अनाउंसमेंट होगा और मंगलवार से क्रेन इन गाड़ियों को हटाएगी।सराफा बाजार और दौलतगंज में सड़क पर दुकानदारों का सामान रखा रहता है। दुकानदार सामान दुकानों के बाहर रखते हैं। सूर्य नारायण तिराहे के आगे महाराज बाड़ा की तरफ जाने वाले रास्ते पर सजावट की दुकान चलाने वाले दुकानदारों ने सामान दुकान के बाहर रख रखा है।

# कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर किया अपलोड, लगाए आरोप

**ग्वालियर।** केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर (रामू तोमर) का बताया जा रहा कथित वीडियो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वीडियो अपलोड किया है।बबेले ने उस पर लिखा- 'ईडी, सीबीआइ व इनकम टैक्स यह वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र तोमर करोड़ों रुपये के लेनदेन की बातचीत करते हुए प्रतीत हो रहे हैं। चुनाव आचार संहिता के बीच ये काले धन की बात हो रही है या फिर गोरे धन की, जांच कर स्पष्ट करें।'इस कथित वीडियो के संबंध में रामू तोमर से उनके मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया किंतु बात नहीं हो पाई। इस संबंध में व्हाट्सएप मैसेज भी किया गया, लेकिन जवाब नहीं आया। इधर, देवेंद्र तोमर के नाम से मुरैना के पुलिस अधीक्षक को भेजा आवेदन भी इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो रहा है।



# दुबई फेस्टिवल की तर्ज पर मनाया जा सकता है ग्वालियर कार्निवाल

**ग्वालियर.** । यूनेस्को से सिटी आफ म्यूजिक का खिताब मिलने के बाद शहर के पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए दुबई फेस्टिवल की तर्ज पर एक माह के ग्वालियर कार्निवाल का आयोजन किया जा सकता है। नववर्ष से पहले ग्वालियर में विश्वस्तरीय तानसेन समारोह, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर ग्वालियर गौरव उत्सव और उसके बाद ऐतिहासिक व्यापार मेले की शुरूआत हो जाती है। इन आयोजनों को एक श्रृंखला में पिरोकर दुबई की तर्ज पर 15 दिसंबर से लेकर 25 जनवरी तक ग्वालियर कार्निवाल का आयोजन संभव है।ग्वालियर में 15 दिसंबर से कार्यक्रमों की श्रृंखला की शुरूआत हो जाती है। इस दौरान विश्व स्तरीय तानसेन संगीत समारोह में अलग-अलग देशों के संगीतज्ञ प्रस्तुतियां देते हैं। तानसेन समारोह की समाप्ति के साथ ही अटलजी की स्मृति में ग्वालियर गौरव उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस उत्सव में सात दिनों तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर 25 दिसंबर को मुख्य समारोह आयोजित किया जाता है। दिसंबर माह के अंत से स्व.



माधवराव सिंधिया व्यापार मेला शुरू हो जाता है। इन आयोजनों की एक श्रृंखला बनाने के साथ ही 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर ग्वालियर साहित्य दिवस और 25 जनवरी को स्व. राजमाता विजयाराजे सिंधिया की पुण्यतिथि पर नारी सशक्तिकरण संबंधी आयोजन कर ग्वालियर कार्निवाल का समापन किया जा सकता है।खरीदारी के लिए मशहूर है दुबई शॉपिंग फेस्टिवलदुबई में हर साल विदेशी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए शापिंग फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष आठ दिसंबर से लेकर 14 जनवरी 2024 तक दुबई शापिंग फेस्टिव का आयोजन किया जा रहा है। इस शापिंग फेस्टिवल की विशेषता यह है कि इसमें बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने नए प्रोडक्ट लांच करती हैं। दुबई शापिंग फेस्टिवल के लिए विशेष तौर पर प्रोडक्ट्स की लिमिटेड एडिशन रेंज तैयार की जाती है। कस्टमर्स को स्पेशल डिस्काउंट दिए जाते हैं। ग्वालियर स्तर पर थोड़े प्रयासों से ऐसा किया जा सकता है। यहां व्यापारियों और कंपनियों से बातचीत कर कार्निवाल के दौरान स्पेशल डिस्काउंट की व्यवस्था की जा सकती है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478